हरिभूमि

# रायपुर भूमि



23 जनवरी को भारत-न्यूजीलैंड टी-20 मैच के लिए स्टेडियम में सुरक्षा व्यवस्था रहेगी सख्त



## टी-20 मैच के लिए इस बार तगड़ा सुरक्षा घेरा, स्टेडियम के 13 गेट पर लग रही लोहे की रेलिंग, अवैध एंट्री पर पूरी तरह रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि लाइव

शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में 23 जनवरी को भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले टी-20 मुकाबले को लेकर तैयारियां ज़ोरों पर हैं। इस बार दर्शकों की अवैध एंट्री रोकने के लिए छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ ने कड़े कदम उठाए हैं। पिछले मैच में बिना टिकट दर्शकों की भीड़ स्टेडियम में कूदकर घुस गई थी, जिससे कई स्टैंड ओवरफ्लो हो गए थे। इस गलती से सबक लेते हुए अब 13 गेटों पर लोहे की रेलिंग लगाई जा रही है, ताकि सीढ़ियों के रास्ते कोई स्टेडियम में कूद न सके। सुरक्षा व्यवस्था के साथ दर्शकों की लाइन को सुव्यवस्थित रखने के लिए सभी गेट्स पर रेलिंग लगाई जा रही है। ▶▶| शेष पेज 13 पर



### मैदान की हर सीट होगी साफ

*छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ ने तय किया है कि इस बार सभी सीटों की पूरी तरह सफाई की जाएगी, ताकि दर्शकों को बेहतर अनुभव मिल सके। गोल्ड और सिल्वर टिकट वाले दर्शकों के लिए कुशन सीट की व्यवस्था भी की जाएगी, जिससे बैठने में आराम मिलेगा। वनडे मैच के बाद अब टी-20 मुकाबले के लिए स्टेडियम को नए सिरे से तैयार किया* ▶▶| शेष पेज 13 पर



### 22 को रायपुर पहुंचेंगी दोनों टीमें

भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी-20 सीरीज का दूसरा मुकाबला 23 जनवरी को रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। पहला मुकाबला 21 जनवरी को नागपुर में होगा, जिसके बाद दोनों टीमें 22 जनवरी को रायपुर पहुंचेंगी। जानकारी के मुताबिक, टीमें सुबह और दोपहर में रायपुर आएंगी और शाम को स्टेडियम में अभ्यास सत्र में हिस्सा लेंगी।



## खबर संक्षेप

### युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी, घर में मिली लाश



**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। युवक ग्लो साइन बोर्ड सहित अन्य प्रचार सामग्री बनाने वाले ग्रेसफुल मीडिया का संचालक बताया जा रहा है। खुदकुशी के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। मृतक के पास से अब तक किसी भी तरह का सुसाइड नहीं मिलने की पुलिस ने जानकारी दी है। पुलिस के अनुसार, अमलीडीह निवासी रंजन पुरोहित ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। अंधेरा होने की वजह से पुलिस पंचानामा कार्रवाई शनिवार को करेगी। रंजन पुरोहित पर पिछले वर्ष 9 जनवरी को प्राणघातक हमला होने की जानकारी सामने आई है, जिसमें पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया था।

### घर से गांजा बेच रही महिला को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**रायपुर।** पुरानी बस्ती पुलिस ने एक महिला को अपने घर से गांजा बेचते गिरफ्तार किया है। महिला के कब्जे से पुलिस ने एक किलो गांजा जब्ती की है। पुलिस ने बंधवापारा निवासी हिना परवीन को गांजा बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। महिला द्वारा गांजा बेचे जाने की पुलिस को लंबे अरसे से शिकायत मिल रही थी। इसके बाद पुलिस ने महिला को गांजा के साथ पकड़ने मुखबिर की मदद ली।

### शराब दुकान के कर्मचारी ने किया 5.57 लाख का गबन

**रायपुर।** विधानसभा थाने में एक शराब दुकान के मैनेजर ने अपने यहां काम करने वाले कर्मचारी के खिलाफ 5.57 लाख रुपए गबन करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। विनय शर्मा ने देवेंद्र पाठक के खिलाफ गबन करने की शिकायत दर्ज कराई है। विनय ने पुलिस को बताया कि देवेंद्र विधानसभा देशी शराब दुकान में 22 अगस्त 2025 से शराब बिक्री की पूरी रकम जमा करने के बजाय थोड़ी-थोड़ी रकम निकाल लेता था। ऑडिट में गड़बड़ी होने की पुष्टि होने के बाद मैनेजर देवेंद्र के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचा।

### कारोबारी का मोबाइल हैक कर वकील से 55 हजार की ठगी

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाना में एक वकील ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ 55 हजार रुपए ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शंकर नगर निवासी विजय कुमार दास ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। विजय ने पुलिस को बताया कि 8 जनवरी को उसके पास उसके परिचित के कारोबारी के नंबर से मैसेज आया। मैसेज में वकील को कारोबारी ने जानकारी देते हुए लिखा था कि उसका यूपीआई काम नहीं कर रहा है, एक नंबर भेज रहा हूं, उसमें 55 हजार रुपए ट्रांसफर कर देना। इसके बाद वकील ने पेमेंट भेजने के बाद स्क्रीन शॉट लेकर कोराबारी को भेजा।

### खाद्य विभाग संचालनालय से केवायसी नहीं कराने वाले राशन कार्ड किए गए हैं ब्लॉक

## ब्लॉक हुए राशन कार्डों में 50 हजार सदस्य मृत मिले, गलती से जिंदा सदस्यों की आईडी भी ब्लॉक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

*छत्तीसगढ़ में ई-केवायसी नहीं कराने वाले सदस्यों के राशन कार्ड ब्लॉक कर दिए गए हैं, जिसके कारण कार्ड धारकों को उचित मूल्य की दुकानों से खाद्यान्न मिलना भी बंद हो गया है। इधर विभागीय सूत्रों से पता चला कि प्रदेशभर में केवायसी नहीं कराने वाले सदस्यों में 50 हजार से अधिक ऐसे सदस्य हैं, जिनकी मृत्यु हो चुकी है।*

इसके बाद भी मृत सदस्य के नाम पर भी परिवार के लोग न केवल राशन दुकानों से खाद्यान्न उठा रहे थे, बल्कि मृत सदस्य का नाम कटवाने के लिए परिजनों द्वारा आवेदन भी नहीं किए गए थे। इसके मद्देनजर ही खाद्य विभाग ने केवायसी नहीं कराने वाले सदस्यों के राशन कार्ड ब्लॉक कर दिए। हालांकि इस कार्यवाही में गलती से थोक में ऐसे कार्ड भी ब्लॉक हो गए हैं, जिनमें 5 सदस्यों में एक सदस्य की मौत हुई है। इस तरह इस कार्ड के जीवित 4 सदस्यों को भी राशन दुकान से खाद्यान्न मिल नहीं पा रहा है।

वन नेशन वन योजना के तहत देशभर में उचित मूल्य कार्ड धारक के प्रत्येक सदस्य को ई-केवायसी कराना अनिवार्य किया गया है। इसके तहत प्रदेशभर में लगभग दो साल से केवायसी की प्रक्रिया जारी है, जो राशन कार्डों की आईडी ब्लॉक किए जाने के बाद भी जारी है। राज्य में अभी तक 35 लाख से ज्यादा सदस्यों ने केवायसी नहीं कराया है। इनमें मृत सदस्य भी शामिल हैं। ▶▶| शेष पेज 13 पर



ई-केवाइसी नहीं कराने वाले 30 लाख से ज्यादा सदस्यों के नाम हुए ब्लॉक, राशन मिलना बंद

### राशन कार्ड ब्लॉक के बाद प्रदेशभर के 50 हजार से अधिक कटे मृतकों के नाम

सूत्रों के अनुसार प्रदेशभर में राशन कार्ड ब्लॉक किए जाने के बाद से अब तक 50 हजार से ज्यादा मृत सदस्यों के नाम राशन कार्डों से काटे जा चुके हैं। हालांकि मृत सदस्यों के नाम काटे जाने के बाद भी कई कार्ड धारकों को खाद्यान्न मिल नहीं पा रहा है, उनकी आईडी अभी भी ब्लॉक है।

### जिले में अब तक 5 हजार मृत सदस्यों के कटे नाम

रायपुर जिले में केवायसी की प्रक्रिया के दौरान थोक में मृत सदस्यों के नाम काटे गए थे। इसके बाद भी जिले में लगभग 3 लाख सदस्यों का केवायसी नहीं हो पाया है। जिनका केवायसी नहीं हुआ है, उससे संबंधित लगभग ज्यादातर राशन कार्ड ब्लॉक कर दिए गए हैं। इसके बाद अब ब्लॉक हुए राशन कार्ड धारक अपना कार्ड पुनः शुरू कराने के लिए खाद्य विभाग के चक्कर काट रहे हैं। विभाग से मिले आकड़ों के अनुसार जिले में केवायसी के बाद अब तक लगभग 5 हजार मृत सदस्यों के नाम काटे गए हैं। यह आकड़ा और बढ़ेगा, क्योंकि कार्ड ब्लॉक होने के बाद अब कई लोग अपने परिवार के मृत सदस्य का नाम काटने के लिए भी आवेदन कर रहे हैं।

### संचालनालय से बंद आईडी शुरू होगी

*विभागीय अफसरों की मानें तो केवायसी नहीं होने के कारण जिन राशन कार्डों की आईडी ब्लॉक हुई है। वह संचालनालय से हुई हैं। आईडी ओपन भी वहीं से होनी है।*

### इस तरह के सामने आए मामले

*ग्राम चेरिया विकासखंड अभनपुर निवासी गौरी बाई के नाम पर राशन कार्ड बना हुआ है। इस कार्ड में परिवार के अन्य सदस्य भी है। गौरी बाई की अब मृत्यु हो चुकी हैं, लेकिन उनका नाम राशन कार्ड से कटा नहीं था। इसके कारण केवायसी की प्रक्रिया लंबित थे।यह कार्ड अब ब्लॉक है। इसके कारण परिवार के अन्य सदस्यों को दो महीने से राशन नहीं मिल पा रहा है।*

### मध्य इलाके में कोल्ड-वे का अलर्ट

## माना और रायपुर के बीच तीन डिग्री का अंतर जारी है ठंड का दौर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माना और रायपुर के बीच न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस का अंतर है। वहां शीतलहर के हालात हैं और शहर में भी ठीक ठाक ठंड पड़ रही है। अगले चौबीस घंटे में रायपुर समेत मध्य इलाके के कुछ हिस्सों में शीतलहर का असर रहने की उम्मीद है। अभी मैनपाट सहित उसके आसपास के इलाकों में पाला जमने की स्थिति बनी हुई है।

प्रदेश में ठंड का दौर जारी है और इस बार रायपुर के आउटर में भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है। शहर का न्यूनतम तापमान सामान्य से 2 डिग्री सेल्सियस कम है, मगर माना का पारा 5 डिग्री तक नीचे जा चुका है यानी दस किलोमीटर के अंतर में ठंड कहर बरपा रही है। प्रदेश के उत्तरी सीमा में तो लगातार बर्फ जमने की स्थिति बन रही है। सुबह-सुबह मैनपाट, बलरामपुर, जशपुर सहित अन्य इलाकों में पैरावट पर पाला जम रहा है। साथ ही सुबह तैयार हो रही धुंध से 50 मीटर की दृश्यता भी बाधित हो रही है। पिछले चौबीस घंटे में राज्य में सबसे कम तापमान अंबिकापुर का 4.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वहीं दिन का अधिकतम पारा 29.2 दुर्ग का रिकार्ड किया गया। अगले चौबीस घंटे में राज्य में पड़ रही ठंड में किसी तरह का बड़ा बदलाव होने की उम्मीद नहीं है।

## इम्पैनल्ड लिस्ट में शामिल होने अस्पतालों को देना होगा 50 हजार से 3 लाख रुपए शुल्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के शासकीय कर्मचारियों और उनके परिवार का इलाज करने मान्यता सूची में शामिल होने वाले प्राइवेट हास्पिटलों के लिए शुल्क का निर्धारण किया गया है। इसके लिए आवेदन करने वाले विभिन्न श्रेणी के हास्पिटलों को 50 हजार से 3 लाख रुपए तक शुल्क जमा करना होगा। चिकित्सा शिक्षा विभाग समय-समय पर प्राप्त होने वाले आवेदन के आधार पर हास्पिटलों को मान्यता प्रदान करता है। इसके लिए छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों में पिछले साल करीब दो सौ हास्पिटल पंजीकृत थे।

- राज्य तथा बाहर के प्राइवेट हास्पिटलों को चिकित्सा शिक्षा विभाग देता है मान्यता

राज्य शासन अपने कर्मचारियों और उनके परिवार को निशुल्क उपचार की सुविधा प्रदान करता है। इसके लिए राज्य के अलावा दूसरे प्रदेश के बड़े प्रायवेट अस्पतालों को भी योजना के लिए पंजीकृत किया गया जाता है। पिछले साल राज्य के करीब 134 और दूसरे राज्यों 60 से ज्यादा अस्पतालों को इसके लिए मान्यता प्रदान की गई थी। सूत्रों के अनुसार सुविधाओं के विस्तार के लिए समय-समय पर प्राप्त होने वाले आवेदन के आधार पर मापदंड तय करने वाले हास्पिटलों को भी मान्यता दी जाती है। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा योजना में इंपैनल्ड होने वाले हास्पिटलों के लिए नियमानुसार शर्तों के साथ शुल्क का निर्धारण किया ▶▶| शेष पेज 13 पर

### सरकारी कर्मचारियों का इलाज



### ऐसा होगा शुल्क

- 20 से 50 बेड वाले सिंगल बोर्ड स्पेशलिटी हास्पिटल के 50 हजार
- 20 से 50 बेड वाले सिंगल सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल 1 लाख
- 30 से 100 बेड वाले मल्टी बोर्ड स्पेशलिटी हास्पिटल डेढ़ लाख
- 30 से 100 बेड के मल्टी सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल 2 लाख
- 100 से 200 मल्टी बोर्ड सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल 3 लाख

### प्रतिवर्ष रिनीवल का भी शुल्क

योजना के तहत प्रतिवर्ष पंजीकृत हास्पिटलों को योजना में बने रहने के लिए रिनीवल एवं निरीक्षण शुल्क भी देना होगा। विभिन्न श्रेणी के हास्पिटलों को 30 से एक लाख रुपये शुल्क देना होगा। जारी आदेश में इस बात का भी जिक्र है कि प्राइवेट हास्पिटलों द्वारा वार्षिक कैलेंडर का पालन नहीं किए जाने पर उन्हें प्रतिदिन एक हजार रुपए का विलंब शुल्क भी देना होगा। इसी तरह हास्पिटल का पता नाम बदलने के दौरान भी संचालनालय पर गठित समिति के निरीक्षण के लिए शुल्क देना होगा।

### सांस्कृतिक विरासत और क्षेत्रीय पहचान को सम्मान

## रायपुर-जबलपुर एक्सप्रेस का बदला नाम, अब 'मूक माटी एक्सप्रेस' नाम से चलेगी ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय रेल यात्रियों को सुरक्षित, किफायती एवं सुविधाजनक सेवाएं प्रदान करने के साथ-साथ अपने कार्यक्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत और क्षेत्रीय पहचान को सम्मान देने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। इसी क्रम में, रेलवे बोर्ड ने रायपुर–जबलपुर एक्सप्रेस का नाम परिवर्तित कर "मूक माटी एक्सप्रेस" रखा गया है। बता दें कि 'मूक माटी' नाम छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के आदिवासी बहुल क्षेत्रों की उस धरती का प्रतीक है, जो बिना शब्दों ▶▶| शेष पेज 13 पर

- नामकरण के माध्यम से क्षेत्रीय संस्कृति, धरती से जुड़ाव एवं सामाजिक मूल्यों को मिली पहचान

### यात्रियों के लिए सेवाओं में कोई परिवर्तन नहीं

नाम परिवर्तन के अंतर्गत, ट्रेन संख्या 11701/11702 यथावत रहेगी, मार्ग, समय-सारिणी एवं कोच संरचना में कोई बदलाव नहीं किया गया है तथा आरक्षण टिकट, चार्ट, एनटीईएस एवं अन्य यात्री सूचना प्रणालियों में नया नाम "मूक माटी एक्सप्रेस" प्रदर्शित होगा।

## शराब घोटाला में ईओडब्लू ने श्रीवास्तव और डडसेना को किया गिरफ्तार, 5 दिनों की रिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ठगी तथा कोल घोटाला के आरोप में जेल में बंद केके श्रीवास्तव तथा देवेंद्र डडसेना की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही। शराब घोटाला में ई ओ ड ब लू एसीबी ने ठगी तथा शराब घोटाला के आरोप में जेल में बंद केके श्रीवास्तव तथा कोल घोटाला के आरोप में जेल में बंद देवेंद्र डडसेना को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को जांच एजेंसी ने प्रोटेक्शन वारंट में ईओडब्लू की विशेष अदालत में कोर्ट में पेश कर पांच दिनों के लिए 13 जनवरी तक पूछताछ करने रिमांड हासिल की है। केके श्रीवास्तव को ईडी ने शराब घोटाला में आरोपी बनाया है। इसके बाद ईओडब्लू ने भी आरोपियों से पूछताछ के आधार पर केके श्रीवास्तव तथा देवेंद्र डडसेना को शराब घोटाला में आरोपी बनाया है। ईडी के साथ ईओडब्लू ने सौम्या चौरसिया को भी शराब घोटाला में आरोपी बनाया है। सौम्या चौरसिया को ईडी ने शराब घोटाला के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया है। ईओडब्लू की गिरफ्तारी से बचने सौम्या ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। देवेंद्र डडसेना कोल घोटाला में फरार आरोपी रामगोपाल अग्रवाल का करीबी रहा है। इसके खिलाफ घोटाले की रकम मैनज करने का आरोप है। सूत्रों के मुताबिक ईओडब्लू एसीबी की टीम आने वाले दिनों में अनवर ढेबर से भी नए सिरे से पूछताछ करने कोर्ट में अर्जी दाखिल कर सकती है।

- अनवर ढेबर से भी नए सिरे से पूछताछ करने कोर्ट में अर्जी दाखिल



### छात्रों को नवीन तरीके से पाठ समझाने पहल

## विद्यार्थियों को सिखाने टीवी चैनल की मदद लेंगे स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजूकेशन (सीबीएसई) ने अपने सभी स्कूलों को पीएम ई-विद्या चैनल 15 का एक्टिव तरह से इस्तेमाल करने का निर्देश दिया है। बोर्ड का कहना है कि इससे क्लासरूम टीचिंग स्ट्रॉन्ग होगी और छात्रों की लर्निंग भी बेहतर बनेगी। सीबीएसई ने एक सर्कुलर जारी किया है, जिसमें कहा कि चैनल पर उपलब्ध कंटेंट सीबीएसई सिलेबस के अनुसार ही तैयार किया गया है। बोर्ड के अनुसार यह कदम डिजिटल एजूकेशन को बढ़ावा देने और देश के हर स्टूडेंट्स तक एक जैसी क्वालिटी एजूकेशन पहुंचाने में अहम साबित होगा। पीएम ई-विद्या पहल की शुरुआत साल 2024 में की गई थी, जिसका मकसद टीवी के जरिए छात्रों को सप्लीमेंट्री एजूकेशन सपोर्ट देना है। इस पहल के तहत 200 डीटीएच टीवी चैनल्स शुरू किए गए हैं। इनमें से सीबीएसई को चैनल नंबर 15 अलॉट किया गया है, जहां इस समय कुल 67 एजूकेशनल ई-वीडियो उपलब्ध हैं। ये वीडियो खासतौर पर कक्षा 9 से 11 तक के छात्रों और शिक्षकों की ट्रेनिंग को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं।





### हर छात्र तक शिक्षा पहुंचाने की कोशिश

बोर्ड के मुताबिक, इन कार्यक्रमों को इस तरह डिजाइन किया गया है कि भौगोलिक या सामाजिक-आर्थिक बाधाएं छात्रों की पढ़ाई में रुकावट न बनें। टीवी के जरिए बार-बार टेलीकास्ट होने से छात्र अपनी सुविधा के अनुसार पढ़ाई कर सकते हैं। इसके अलावा, सभी वीडियो यूट्यूब पर सीबीएसई टीवी चैनल पर भी उपलब्ध हैं, जिससे छात्र और शिक्षक कभी भी इन्हें दोबारा देख सकते हैं और अपनी स्पीड से सीख सकते हैं।

### इन विषयों और टॉपिक्स पर हैं वीडियो

चैनल-15 पर मौजूद वीडियो में छात्रों और शिक्षकों दोनों के लिए यूज कंटेंट शामिल है। इसमें मैथ्स, साइंस और सोशल साइंस जैसे मुख्य विषयों के अलावा कई जरूरी एजूकेशनल टॉपिक्स को कवर किया गया है। शिक्षकों के लिए बनाए गए वीडियो में एक्सपीरियंशियल लर्निंग, स्टोरीटेलिंग पेडागॉजी, असेसमेंट स्ट्रेटेजी, साइबर सेफ्टी और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 जैसे अहम सब्जेक्ट शामिल हैं। बोर्ड का कहना है कि ये वीडियो क्लासरूम में पढ़ाने के तरीकों को और बेहतर बनाने में मदद करेंगे।

### अग्रवाल समाज के परिचय सम्मेलन में पहुंचीं 'बावरी'



**रायपुर।** अग्रवाल समाज के राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित वैवाहिक दो दिवसीय एजुकेटेड परिचय सम्मेलन में शामिल प्रतिभागियों का परिचय लेने तारक मेहता का उल्टा चश्मा फेम बावरीजी यानी मोनिका सिंह भदोरिया शुक्रवार को रायपुर पहुंचीं। जहां परिचय सम्मेलन के संयोजक कन्हैया अग्रवाल व हरिवल्लभ अग्रवाल ने माना विमानतल पर उनकी अगवानी करते हुए स्वागत किया। उल्लेखनीय हैं कि वीआईपी रोड स्थित रामस्वरूप निरंजनलाल धर्मशाला मे 10 व 11 दिसंबर को परिचय सम्मेलन आयोजित है।


ROTARY CLUB OF RAIPUR COSMOPOLITAN
AAPKA HUMARA SABKA
GK TMT
Presents
COSMO EXPO 2026
16th Edition
ISS BAAR AUR BHI
DHAMAKEDAAR
9th to 12th January 2026
2pm to 10pm
Shriram BUSINESS PARK
Vidhan Sabha Road, Raipur
SPECIAL DEALS & DISCOUNTS
Kite FESTIVAL
11th JAN 26
12 PM TO 8 PM
DAILY LUCKY DRAW
9th TO 12th JAN 26
TAMBOLA
11th JAN 26
4:30 PM TO 6 PM
Today's Musical Performances by-
Karwaan
Satva Band
By Shantanu
• REAL ESTATE • ARCHITECTURE • INTERIORS • AUTOMOBILES • ELECTRONICS • BANKING
• EDUCATION • TECHNOLOGY • LIFESTYLE • FOOD & ENTERTAINMENT • GAME ZONE
IN ASSOCIATION WITH
CHAITANYA BUSINESS PARK
SRVs
ITSA HOSPITALS
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
GOLD SPONSOR
ALUSTIC
SKY TMT
MATS UNIVERSITY
बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
SILVER PARTNER
SeQR
pnb
ASSOCIATE SPONSOR
adani ACC
adani Ambuja Cement
CHHATTISGARH HERBALS
Chhattisgarh
IDBI BANK
MEDIA PARTNER
ASA
PIC PARTNER
Pic Xclusive
FOOD PARTNER
Raipur FOODIE Love
RADIO PARTNER
MY FM

# व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र बैकुंठ का 33वां दिशांत समारोह, 56 छात्रों ने किया प्रशिक्षण पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

अल्ट्राटेक कम्युनिटी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संचालित व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र बैकुंठ के तत्वाधान में 33वां दिशांत समारोह स्टाफ क्लब परिसर में हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि टेक्निकल हेड राजीव सिंघल के साथ मंच पर उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर प्रशिक्षणार्थियों को व्यवहारिक कौशल से लैस कर उन्हें रोजगार योग्य बनाने पर जोर दिया गया इस अवसर पर व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र बैकुंठ के प्रतिवेदन में बताया गया की शिक्षण केंद्र 1992 से निरंतर संचालित है और अब तक लगभग 2083 युवाओं को विभिन्न तकनीकी एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के योग्य बनाया जा चुका है। वर्तमान सत्र में 67 छात्र अध्यनरत हैं। जबकि 33 वे बैंच के 56 छात्रों ने सफलता के साथ अपना प्रशिक्षण पूर्ण किया। समारोह के दौरान सभी सफल प्रशिक्षर्थियों को अंक सूची एवं प्रमाण पत्र दिए गए।प्रमाण पत्र पाकर छात्रों में विशेष उत्साह एवं आत्मविश्वास देखने को मिला। समारोह में अतिथियों ने अपने संबोधन में छात्रों को कौशल विकास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रशिक्षणार्थियों को व्यवहारिक कौशल से



लैस कर उन्हें रोजगार योग्य बनाने पर जोर दिया ,साथ ही आत्मनिर्भर बनने मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ाने तथा मानसिक शारीरिक बौद्धिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनने की प्रेरणा दी। एच आर डी एच जितेन्द्र तंनवर के मार्गदर्शन आयोजित इस कार्यक्रम का सफल संचालन सीएसआर अधिकारी सोनाली गवारगुर ने किया। समारोह में टेक्निकल हेड राजीव सिंघल. सिक्योरिटी हेड अभिषेक तेवातिया. एच आर विभाग की सुश्री मीमांसा बरेठ एबीपीएस स्कूल की प्राचार्य संगीता क्रिस्टोफर सीजी बोर्ड के प्राचार्य अवधेश पांडे सहित अल्ट्राटेक सीमेंट बैकुंठ के अधिकारी कर्मचारी सर टीम विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य गण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### लक्षवीर बांधे बने समता साहित्य अकादमी जिला अध्यक्ष

**अभनपुर।** ग्राम मुंडरा निवासी शिक्षाविद एवं कवि लक्षवीर बांधे को समता साहित्य अकादमी रायपुर का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति उनके साहित्य, शिक्षा, संस्कृति व समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए की गई। श्री बांधे एक छत्तीसगढ़ी कवि व लोक गायक हैं, जिनकी रचनाएं और गीत प्रदेशभर में सुना जाता है। जिला अध्यक्ष बनने पर उन्हें साहित्य, शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### भागवत कथा में धूमधाम से मनाया गया कृष्ण जन्मोत्सव

**धरसीवां।** स्थानीय अटल आवास परिसर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन आज भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जैसे ही कथा में कान्हा के जन्म का प्रसंग आया, पूरा पंडाल नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की/" के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने झूमते-गाते हुए कन्हैया के जन्म की खुशियां मनाईं और खिलौने व मिठाइयां बांटीं। वृंदावन से पधारे कथावाचक अंशुमान व्यासजी महाराज ने चतुर्थ दिवस की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण मात्र ही मनुष्य को पापों के बंधन से मुक्ति दिलाता है। उन्होंने जीवन के सार को समझाते हुए कहा, भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं गीता में 'कर्म' को प्रधान बताया है।

## निधन

### हेमा बाई साहू

**आरंग।** ग्राम डोमा निवासी 85 वर्षीय हेमा बाई साहू का गुरुवार को



आकस्मिक निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार मे परिजन व ग्रामीण शामिल हुए। वे व्यासनारायण व तुकाराम साहू की मां थी।

## प्रतियोगिता के पहले दिन 2 मैच खेला गया

# पांच दिनी प्रीमियर लीग क्रिकेट का मंत्री टंकराम ने किया का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा में 5 दिवसीय बलोदा बाजार विधानसभा स्तरीय प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ बीएनबी स्कूल मैदान पर शुक्रवार को मुख्य अतिथि मंत्री टंकराम वर्मा , विशेष अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल,भाजपा नेता राम पंजवानी माँ भारती के तेल चित्र पर दीप प्रज्वलित ० पूजा कर फीता काटकर किया।

उद्घाटन समारोह के बाद, मंत्री टंकराम वर्मा ने प्रतिभागी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने स्वयं बैटिंग कर क्रिकेट मैच का औपचारिक उद्घाटन किया।उसके बाद उन्होंने बालिंगभी की .प्रतियोगिता के पहले दिन 2 मैच खेले गए पहला मैच वार्ड 11. और 12 के बीच हुआ इस मैच को वार्ड 11ने जीतहासिल की जबकि दूसरा मैच बिजली विभाग और वार्ड 6के बीच खेला गया इसमें बिजली विभाग टीम ने जित दर्ज की ... की टीमों के बीच मुकाबला हुआ।

इस अवसर पर इस अवसर पर मंत्री



टंकराम वर्मा ने अपने उद्बोधन में खा यह टूर्नामेंट न केवल क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों को अपनी खेल क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करेगा, बल्कि उनमें टीम भावना, अनुशासन, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धी भावना को भी सुदृढ़ करेगा। उन्होंने क्रिकेट मैच प्रतियोगिता की बधाई देते कहा कि खेल से शरीर स्वस्थ रहता है.. उन्होंने खिलाडियों का हौसला अफजाई करते एक शायरी की चार पक्तियों पढ़कर



कहा कि /"पानी से भिगोगे तो गिलास बदलोगे.. खेल खेलकर /"पसीने से भिगोगे तो इतिहास बदलोगे'

जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी प्रतिभाओं को बेहतर मंच और सुविधाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है, ताकि युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिल सके। उन्होंने तिल्दा नेवरा में प्रीमियर लीग में भाग लेने वाले सभी खिलाड़यीं, आयोजकों एवं खेल प्रेमियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस आयोजन ने जिले में खेल संस्कृति को नई दिशा दी है।

राम पंजवानी ने कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से युवाओं को सकारात्मक दिशा, मंच और प्रोत्साहन मिलता है . साथ ही राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी उभर कर सामने आते है। इस अवसर पर नगर पलिका अध्यक्ष चन्द्र कला ,पार्षद श्रीमती रानी सौरभ जैन.भजपा नेता यशवंत वर्मा,,जनपद सदस्य नरसिंह वर्मा सौरभ जैन सुधांशु शर्मा ईश्वर यादव विनोद नेम दिनेश साहू सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# टोकन बंद होने से भड़के किसान, सिलयारी समिति में 12 को तालाबंदी की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

रायपुर जिले में धान खरीदी के बीच अचानक टोकन प्रक्रिया बंद होने से किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। सिलयारी समिति सहित जिले भर के किसान ऑनलाइन और ऑफलाइन टोकन के लिए भटक रहे हैं, लेकिन तकनीकी और प्रशासनिक कारणों का हवाला देकर उन्हें खाली हाथ लौटाया जा रहा है। आक्रोशित किसानों ने सोमवार को समिति में तालाबंदी करने की चेतावनी दी है। समिति प्रभारियों और कंप्यूटर ऑपरेटरों के अनुसार, टोकन ऐप में यह संदेश आ रहा है कि 'नोडल अधिकारी द्वारा सत्यापन के बाद ही टोकन कट पाएगा'। किसानों का आरोप है कि यह नया नियम 'तुगलकी फरमान' की तरह है। जब नोडल अधिकारी खरीदी केंद्रों का नियमित निरीक्षण ही नहीं कर रहे हैं, तो सत्यापन के नाम पर टोकन रोकना किसानों को परेशान करने की सोची-समझी साजिश है।

**शाखा प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन, सोमवार को तालाबंदी की चेतावनी-** शुक्रवार को बड़ी संख्या में किसानों ने सिलयारी शाखा प्रबंधक से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। किसानों ने दो टूक शब्दों में कहा है कि यदि टोकन की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं की गई, तो आगामी सोमवार को समिति परिसर में प्रदर्शन कर ताला जड़ दिया जाएगा। इस दौरान किसान नेता उधोराम वर्मा के साथ परमानंद चंद्रवंशी, घनश्याम वर्मा, कन्हैया यादव, पुनू राम वर्मा, भरत लाल साहू, फनीश चंद्रवंशी, द्वारिका वर्मा, छन्नू चंद्रवंशी, संतोष शर्मा, नारायण सेन, रूपेंद्र शर्मा, इंद्र कुमार बघेल और सुखचंद साहू सहित भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### किसानों को परेशान करना बंद करे सरकार

पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष और किसान नेता उधोराम वर्मा ने सरकार और प्रशासन पर निशाना साधते हुए कहा कि एक तरफ समितियां खरीदी लिमिट बढ़ाने की मांग कर रही हैं, वहीं दूसरी तरफ सरकार ने टोकन काटना ही बंद कर दिया है। उन्होंने कहा की सिलयारी समिति में अभी भी 20% किसानों का धान बिकना शेष है। अगर तत्काल टोकन उपलब्ध नहीं कराए गए और खरीदी लिमिट नहीं बढ़ाई गई, तो किसान उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

# योग आयोग अध्यक्ष सिन्हा का रविदास नगर में स्वागत

**आरंग।** छत्तीसगढ़ शासन के योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा बीते दिनों रविदास नगर पहुंचे। मेरे निवास स्थान पहुंचने पर उनका आत्मीय स्वागत किया गया। यह प्रवास उनके लिए भावनाओं से भरा रहा, क्योंकि ठीक 35 वर्ष पूर्व जुलाई 1991 में उन्होंने इसी मोहल्ले में एक वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में शिरकत की थी। उस समय वे तत्कालीन आरएसएस प्रमुख संघचालक पंडरीराव कृदत्त के साथ यहां आए थे। 35 साल पहले जिसे 'मेहर पारा' के नाम से जाना जाता था और जो एक पिछड़ी बस्ती के रूप में चिन्हित था, आज उसे रविदास नगर के रूप में विकसित देख श्री सिन्हा भावुक हो उठे। उन्होंने मोहल्ले का भ्रमण कर स्वच्छता और नवनिर्मित आवासों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि 1991 में नगरपालिका परिषद और मोहल्लावासियों के सहयोग से जो पौधरोपण किया गया था, वे आज वटवृक्ष बन चुके हैं और बस्ती का



कायाकल्प हो चुका है। सर्वप्रथम रविदास नगर के मोहल्लावासियों ने श्री सिन्हा का आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने रविदास मंदिर जाकर मत्था टेका और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। स्वच्छता अभियान और आवास निर्माण कार्यों की सराहना करते हुए उन्होंने इसे एक "आदर्श बस्ती" बताया। इस दौरान संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता श्याम मूर्ति अग्रवाल एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री सिन्हा ने कहा कि रविदास नगर का परिवर्तन यह दर्शाता है कि यदि इच्छाशक्ति हो तो किसी भी क्षेत्र की तस्वीर बदली जा सकती है। यहां का विकास और स्वच्छता पूरे छत्तीसगढ़ के लिए एक सकारात्मक संदेश है।

# अवैध शराब बरामद दो कोचिया गिरफ्तार

**आरंग।** थाना आरंग पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए दो कोचियों को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अटल नगर नवा रायपुर एवं नगर पुलिस अधीक्षक माना रायपुर के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। 09 जनवरी को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर थाना आरंग पुलिस ने ग्राम तामासिवनी में दबिश दी। इस दौरान आरोपी प्रकाश भारती पिता संतोष भारती उम्र 20 वर्ष एवं सूरज सोनवानी पिता महेंद्र सोनवानी उम्र 19 वर्ष, दोनों निवासी ग्राम तामासिवनी थाना आरंग जिला रायपुर, के कब्जे से कुल 85 पौवा एवं 52 पौवा देशी मदिरा मसाला शराब (शोले ब्रांड) बरामद की गई। जब्त शराब की कुल कीमत लगभग 13,700 रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 25/2026 एवं 26/2026 के तहत धारा



34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार किया। आरोपियों को न्यायिक हिरासत में न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब, मादक पदार्थ, जुआ एवं सट्टा के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## पेज 11 के शेष...

### टी-20 मैच के ....

टिकट जांच की प्रक्रिया को भी और मजबूत किया जा रहा है। मैच में अब केवल 14 दिन बचे हैं। ऐसे में क्रिकेट संघ का पूरा फोकस यह सुनिश्चित करने पर है कि इस बार किसी भी दर्शक को कोई असुविधा न हो। अभी स्टेडियम की बाहरी सुरक्षा और दर्शक व्यवस्था पर ध्यान दिया जा रहा है, इसके बाद मैदान की तैयारी शुरू होगी। दर्शकों से अपील रहेगी कि स्टेडियम में तय समय से पहुंचें, ताकि एंट्री में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

**विदेशी स्टाइल में सुरक्षा व्यवस्था होगी सख्त**-पिछले मैच में एक दर्शक सुरक्षा घेरा तोड़ते हुए विराट कोहली तक पहुंच गया था, जिससे खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चूक सामने आई थी। हालांकि उस समय भी गार्ड तैनात थे, लेकिन व्यवस्था कमजोर साबित हुई। इस बार छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ ने सुरक्षा को और कड़ा करने का फैसला किया है। सभी स्टैंड में गार्ड कुर्सी लगाकर दर्शकों की ओर मुंह करके बैठेंगे और हर गतिविधि पर नजर रखेंगे। यह सिस्टम आमतौर पर विदेशों के स्टेडियमों में देखा जाता है, जिसे अब रायपुर स्टेडियम में भी लागू किया जा रहा है। स्टैंड के अंदर और बाहर दोनों जगह सुरक्षा गार्ड की तैनाती की जाएगी। संघ का दावा है कि इस बार सुरक्षा में कोई चूक नहीं होने दी जाएगी और दर्शकों की हर हरकत पर पैनी नजर रखी जाएगी, ताकि मैच शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो।

### मैदान की हर ....

जा रहा है। फिलहाल मैदान के बाहरी हिस्से में काम चल रहा है। मैदान में पानी का छिड़काव किया जा रहा है और जल्द ही घास की बारीक कटाई की जाएगी। इसके बाद पिच को अंतिम रूप देने के लिए बीसीसीआई की विशेष टीम रायपुर पहुंचेगी। मैदान को अंतरराष्ट्रीय मुकाबले के लिए पूरी तरह से तैयार किया जाएगा।

### ब्लॉक हुए राशन ....

विभागी ने केवायसी अभियान के दौरान ही थोक में मृत सदस्यों के नाम काटे गए थे, लेकिन इसके बाद भी केवायसी नहीं कराने वालों में ऐसे हजारों सदस्यों के नाम थे, जिनकी मृत्यु हो चुकी हैं पर उनके नाम राशन कार्ड से कट नहीं पाए हैं। इसका बड़ा कारण सदस्य की मौत के बाद उसका नाम काटने के लिए आवेदन ही नहीं किए गए थे।

### रायपुर-जबलपुर एक्सप्रेस....

के भी अपनी समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक चेतना को संजोए हुए है। यह नामकरण रेलवे के कार्यक्षेत्र से जुड़े धरती, संस्कृति और जनभावनाओं को सम्मान प्रदान करता है।

**आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के विचारों से प्रेरित नामकरण**-यह नाम परिवर्तन संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के अहिंसा, सत्य, संयम और मानवता के विचारों से प्रेरित है । उनके जीवन दर्शन ने समाज को नैतिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं के प्रति जागरूक किया । 'मूक माटी एक्सप्रेस' इस भाव को दर्शाती है कि रेल यात्रा केवल आवागमन ही नहीं, बल्कि मानवीय और सामाजिक मूल्यों से जुड़ाव का माध्यम भी हो सकती है ।

### इम्पैनल्ड लिस्ट में ....

गया है। योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदन के आधार पर अस्पतालों का निरीक्षण किया जाएगा और पात्रता होने पर उन्हें सरकारी कर्मचारियों के इलाज की अनुमति भी प्रदान की जाएगी। निर्धारित शुल्क के अनुसार 20 बेड के 200 बिस्तरों के हास्पिटलों के लिए 50 हजार से 3 लाख रुपए तक शुल्क निर्धारित किया गया है। साथ ही दंत चिकित्सा के लिए भी हास्पिटलों को योजना में शामिल होने प्रथम निरीक्षण के लिए एक लाख रुपए शुल्क देना होगा। इसके अलावा उन्हें निर्धारित जीएसटी की राशि भी देय होगी।




**खबर संक्षेप**

## संविदा लाइन कर्मचारियों की हड़ताल पर प्रतिबंध

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने छत्तीसगढ़ विद्युत संविदा कर्मचारी संघ द्वारा 12 से 14 जनवरी तक तीन दिवसीय सांकेतिक काम बंद हड़ताल को पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के मुख्य अभियंता मानव संसाधन राजेंद्र प्रसाद ने लेकर पत्र जारी कर सांकेतिक हड़ताल को प्रतिबंधित किया है।

**निधन**

### पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू को मातृशोक

**रायपुर।** मानिकचौरी में पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू की माता तीजा बाई साहू (92) का निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार में रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू, अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू, अशोक बजाज, प्रो. घनाराम साहू, पवन साहू, अनिल अग्रवाल संतोष शुक्ला, कुलदीप साहू, ब्रह्मानंद साहू, डॉ. मनीष साहू, भेखराम साहू, किशोर देवांगन सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय निवासी शामिल हुए। वे छबिराम साहू, चंद्रशेखर साहू, चंद्रिकाप्रसाद, चिंताराम, द्रौपदी साहू, तोषनी साहू की माता थीं।

### उधमदास रामनानी



**रायपुर।** संगम विहार कुकरेजा फार्म हाउस के सामने महावीर नगर निवासी उधमदास रामनानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 10 जनवरी को सुबह 11 बजे निवास स्थान से न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अमित, पुनेश्वर, रूपेश के पिता एवं हंसराज, गिरधारी, मनोज, राजकुमार के भाई थे।

### संजय गनोदवाले



**रायपुर।** ग्राम गनोद निवासी संजय गनोदवाले (65) का 6 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे रंजना गनोदवाले के पति एवं सुनीता काजले, अंजली शितूत, संध्या पिपलापुरे, सरिता लुलु एवं कविता अकांत के भाई थे।

### शकुंतला पांडेय



**रायपुर।** राजधानी निवासी शकुंतला पांडेय (88) का 9 जनवरी को निधन हो गया। वे सुमन, अरविंद, विजयलक्ष्मी, चंद्रशेखर एवं सीमा की माताजी थीं।

### ख्रीस्ट दास बाघे



**रायपुर।** सेंट पॉल्स कलीसिया रायपुर के सदस्य, विनोबा भावे नगर निवासी ख्रीस्ट दास बाघे (58) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सेंट कैथेड्रल की प्रभु की वाटिका में किया जाएगा। वे चंद्ररेखा बाघे के पति एवं आशीष (चीनू), अरविंद, अनुरिका के पिता एवं शिल्पी बाघे के ससुर थे।

# अवैध कब्जों पर निगम का चला जेसीबी, कहीं दुकान-मकान टूटे, कहीं हटाए गए ठेला-गुमटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



नगर निगम प्रशासन ने राजधानी रायपुर में शुक्रवार को अवैध कब्जों के विरुद्ध बड़ा अभियान चलाया। इस दौरान कहीं दुकान और मकानों को तोड़ा गया, तो कहीं अवैध ठेला-गुमटियों को हटाने तथा जब्ती बनाने की कार्रवाई की। इस कार्रवाई में जोन 9 अंतर्गत आमासिवनी बाजार के पास लगभग दो हजार वर्गफीट क्षेत्र में शासकीय जमीन पर कब्जा कर बनाई गई व्यावसायिक दुकानों को जेसीबी मशीन से तोड़ा गया।

### शासकीय जमीन पर तान दी तीन दुकानें

नगर निगम के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार जोन-9 अंतर्गत आमासिवनी बाजार में एक व्यक्ति ने लगभग दो हजार वर्गफीट शासकीय जमीन पर तीन व्यावसायिक दुकानें बना ली थीं। इन अवैध दुकानों की जानकारी का पता तब चला, जब इसकी शिकायत जोन कार्यालय में हुई। जोन कमिश्नर ने इसके बाद दुकान बनाने वाले व्यक्ति को नोटिस जारी किया था, लेकिन इसका कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद इन दुकानों को तोड़ने की कार्रवाई की गई।

### देवेंनगर-पंडरी बाजार मार्ग से हटाए गए 22 ठेला-गुमटी

जोन- 2 अंतर्गत देवेंद्र नगर ब्रिज के नीचे और देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के पास तथा पंडरी कपड़ा बाजार क्षेत्र में टीम प्रहरी एवं उड़नदस्ता की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर लगभग 22 ठेला-गुमटियों को हटाने की कार्रवाई करते हुए उन्हें जब्ती बनाया। इस मार्ग पर पूर्व में भी टीम ने ठेला-गुमटियों को हटाने की कार्रवाई करते हुए उनके संचालकों को चेतावनी दी थी। इसके बाद भी इस मार्ग पर अवैध रूप से ठेला-गुमटियां लगाकर वे व्यवसाय कर रहे थे।

### 5 मकानों के सामने सड़क पर किए गए अतिक्रमण तोड़े गए

जोन- 6 क्षेत्र अंतर्गत महामाया मंदिर वार्ड क्रमांक-65 में देवकी बाल उद्यान मार्ग पर लगभग 5 मकानों के मालिकों ने सड़क पर अतिक्रमण किया हुआ था। इसकी सूचना मिलने पर नगर निवेश उड़नदस्ता टीम ने यहां अभियान चलाकर जेसीबी मशीन से इन अतिक्रमण को तोड़ने की कार्रवाई की।

## लूट की नीयत से हत्या, 3 गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र में तीन दिन पूर्व फाफाडीह अंग्रेजी शराब दुकान के पास अमन लोहार (29) की हत्या के आरोप में पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को घटना स्थल के आसपास मिले सीसीटीवी फूटेज तथा शराब भट्ठी में शराब खरीदने गए लोगों से पूछताछ के आधार पर गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने बुधवार-गुरुवार दरमियानी रात हत्या की थी।

■ तीन दिन पूर्व देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र की घटना

अमन की हत्या के आरोप में पुलिस ने सागर दास मानिकपुरी, आलोक यादव और वंश पाठक को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में बदमाशों ने पुलिस को बताया है कि शराब पीने पैसों की मांग करने पर अमन ने पैसे नहीं दिए, इसलिए उन लोगों ने उसकी चाकू घोंपकर हत्या की थी। बताया जा रहा है, पैसा नहीं देने पर मृतक का बदमाशों के साथ विवाद हुआ। विवाद के बाद बदमाशों ने लूट की नीयत से अमन की हत्या कर मौके से फरार हो गए। हत्या की वारदात शराब दुकान से कुछ दूर हुई थी। अमन रोड किनारे गंभीर हालत गिरकर तड़प रहा था। इस दौरान मौके से गुजर रही पुलिस की पेट्रोलिंग टीम की अमन पर नजर पड़ी। पेट्रोलिंग टीम अमन को उपचार के लिए आंबेडकर अस्पताल ले गई, जिसकी गुरुवार को उपचार के दौरान मौत हो गई।

### महानदी को पटने से बचाने अब तक नहीं पहुंचा पर्यावरण विभाग

# फर्शी खदान बंद कराना छोड़ संचालक को दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के आरंग में महानदी के किनारे ग्राम निसदा में नियमों के विरुद्ध चल रही फर्शी खदान के विरुद्ध हरिभूमि ने लगातार खबर प्रकाशित की है। इस खबर का असर भी हुआ। खनिज विभाग ने जांच करते हुए खदान संचालक को नोटिस जारी किया है, लेकिन नोटिस जारी करना खानापूर्ति से कम नहीं है, क्योंकि इस खदान को बंद करने का कलेक्टर ने सालभर पहले ही आदेश जारी किया हुआ है। इस आदेश के बाद भी खदान में फर्शी उत्खनन का कार्य धड़ल्ले से जारी है।

इधर दूसरी ओर महानदी के तटों को फर्शी खदानों से निकलने वाले वेस्ट पत्थरों एवं मटेरियल से लगातार पाटा जा रहा है। इसके बाद भी पर्यावरण विभाग के अफसरों की आंखें खुली नहीं हैं। इस विभाग का एक भी अफसर महानदी के तटों का निरीक्षण करने तक नहीं पहुंचा है। इसे लेकर स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी भी व्याप्त है। लोगों का कहना है कि पिछले करीब 20 वर्षों से महानदी को पाटने का काम खदानों के संचालकों द्वारा किया जा रहा है, लेकिन पर्यावरण विभाग के अफसर एक बार भी यहां निरीक्षण करने तक नहीं पहुंचे। ग्राम निसदा में महानदी के तटों पर फर्शी खदानों से निकलने वाले वेस्ट पत्थरों एवं मटेरियल को महानदी के तटों पर डंप कर पाटे जाने का मामला सामने आने के बाद भी प्रशासन ने खनिज विभाग के अफसरों के माध्यम से इन खदानों का निरीक्षण और जांच कराई थी। इस जांच में विभाग ने सभी खदानों की जांच की थी, जिसमें नियमों के विरुद्ध अवैध उत्खनन, निर्धारित रकबा से ज्यादा भूमि में उत्खनन सहित अन्य कई प्रकरण बनाकर जांच प्रतिवेदन बनाकर प्रशासन को सौंपा था। कलेक्टर ने इस प्रतिवेदन के आधार पर इन खदानों को आगामी आदेश तक बंद कराने का आदेश जारी किया था। इसके बाद से सभी खदानें बंद की गई थीं, लेकिन कुछ महीनों से यहां एक खदान में आदेश का उल्लंघन करते हुए न केवल उत्खनन किया जा रहा है, बल्कि महानदी के तटों पर वेस्ट मेटरियल एवं पत्थरों को डंप भी किया जा रहा है।

### 12 दिनों के बाद कारण बताओ नोटिस जारी

*अखबार में छपी खबर के 12 दिनों के बाद खनिज विभाग ने इस मामले में खदान की जांच करते हुए उसके संचालक को नोटिस जारी किया है, जबकि इससे पूर्व गांव के लोग विभाग में इस खदान संचालक के विरुद्ध लिखित में शिकायत कर चुके हैं। इस शिकायत को अफसरों ने डंप कर रखा हुआ था, लेकिन अखबार में खबर छपने के बाद विभाग ने इस मामले में कार्रवाई करने की शुरुआत की है।*


फर्शी खदानों के वेस्ट पत्थरों से महानदी के कई तट 200 मीटर तक पट चुके, बंद करने के आदेश की धज्जियां

**नोटिस जारी कर जवाब मांगा :** देवानंद साहू की खदान में उत्खनन का काम चल रहा है। संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। यहां की सभी खदानों को प्रशासन ने पूर्व में बंद कराया था। हाईकोर्ट में खदान के संचालक ने याचिका लगाई हुई है। इस पर ने हाईकोर्ट ने प्रशासन को दोबारा जांच कर निर्णय लेने का निर्देश दिया है। यह जांच अभी पूरी नहीं हुई है ।

- **राजेंद्र मालवे**, उप संचालक खनिज विभाग रायपुर

**खदानें बंद कर संचालकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए**

जिला पंचायत के उपाध्यक्ष संदीप यदु ने शुक्रवार को निसदा में संचालित फर्शी खदान और महानदी के तटों का निरीक्षण किया। इस दौरान खदान में खनन का कार्य जारी पाया, वहीं तटों को वेस्ट पत्थरों व मटेरियल से पटा देखकर वे भी अचंभित हो गए। हरिभूमि से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि यह मामला काफी गंभीर है। इसे तत्काल प्रशासन, शासन को संज्ञान में लेना चाहिए।पत्थरों से महानदी के तट लगातार पट रहे हैं। इससे महानदी का अस्तित्व भी खतरे में है। उन्होंने कहा कि नियमों के विरुद्ध चल रही खदानों को तत्काल बंद कराते हुए उनके संचालकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

## विधायक सोनी बोले- समय पर पूरे करें विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


■ विधायक निधि, आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण की समीक्षा बैठक

रायपुर दक्षिण विधायक सुनील कुमार सोनी ने विधायक कार्यालय में विधायक निधि के विकास कार्यों, 8 सर्वसुविधायुक्त नए आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली। विधायक निधि के 33 स्वीकृत कार्यों के निर्माण में विलंब किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए यथाशीघ्र कार्य प्रारंभ कर समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। श्री सोनी ने लंबित कार्यो की तकनीतिक स्वीकृति, निविदा, अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने दक्षिण विधानसभा के सभी जोन आयुक्त से वार्ड पार्षदों से वार्डवार प्रस्ताव लेकर शासन को एक माह के पूर्व प्रेषित करने का सुझाव दिया तथा आवागमन को ध्यान में रखते हुए बाजारों को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। वार्डों से माडल विजन के साथ वार्डवार नए प्रस्ताव, रूपरेखा इत्यादि की जानकारी जोनवार तैयार करने तथा इसकी एक प्रति विधायक कार्यालय को उपलब्ध कराते हुए शासन को भेजने की बात कही। पूर्व में शासन द्वारा स्वीकृत किए गए कार्यों को 6 माह के पूर्व समय सीमा में पूर्ण किए जाने के लिए निर्देशित किया। वार्डों के गली मोहल्लों एवं उद्यानों के रख रखाव यथा लाइट, साफ सफाई, पेयजल इत्यादि पर भी उन्होंने चर्चा करते हुए टीमवर्क के साथ कार्य किए जाने एवं नियमित रूप से ध्यान रखे जाने संबंधी आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा, सरिता दुबे, अमर गिदवानी, जोन अध्यक्ष 6 बद्रीप्रसाद गुप्ता, जोन अध्यक्ष 4 मुरली शर्मा, जोन अध्यक्ष 5 अंबर अग्रवाल, जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी याकूब कुजुर, सहायक अधिकारी क्षिप्रा जैन, जोन आयुक्त 6 हितेन्द्र यादव, जोन आयुक्त 5 क्षीर सागर नायक, जोन के कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**पेज 11 के शेष ...**

### टी-20 मैच के ....

टिकट जांच की प्रक्रिया को भी और मजबूत किया जा रहा है। मैच में अब केवल 14 दिन बचे हैं। ऐसे में क्रिकेट संघ का पूरा फोकस यह सुनिश्चित करने पर है कि इस बार किसी भी दर्शक को कोई असुविधा न हो। अभी स्टेडियम की बाहरी सुरक्षा और दर्शक व्यवस्था पर ध्यान दिया जा रहा है, इसके बाद मैदान की तैयारी शुरू होगी। दर्शकों से अपील रहेगी कि स्टेडियम में तय समय से पहुंचें, ताकि एंट्री में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

**विदेशी स्टाइल में सुरक्षा व्यवस्था होगी सख्त :** पिछले मैच में एक दर्शक सुरक्षा घेरा तोड़ते हुए विराट कोहली तक पहुंच गया था, जिससे खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चूक सामने आई थी। हालांकि उस समय भी गार्ड तैनात थे, लेकिन व्यवस्था कमजोर साबित हुई। इस बार छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ ने सुरक्षा को और कड़ा करने का फैसला किया है। सभी स्टैंड में गार्ड कुर्सी लगाकर दर्शकों की ओर मुंह करके बैठेंगे और हर गतिविधि पर नजर रखेंगे। यह सिस्टम आमतौर पर विदेशों के स्टेडियमों में देखा जाता है, जिसे अब रायपुर स्टेडियम में भी लागू किया जा रहा है। स्टैंड के अंदर और बाहर दोनों जगह सुरक्षा गार्ड की तैनाती की जाएगी। संघ का दावा है कि इस बार सुरक्षा में कोई चूक नहीं होने दी जाएगी और दर्शकों की हर हरकत पर पैनी नजर रखी जाएगी, ताकि मैच शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो।

### मैदान की हर ....

जा रहा है। फिलहाल मैदान के बाहरी हिस्से में काम चल रहा है। मैदान में पानी का छिड़काव किया जा रहा है और जल्द ही घास की बारीक कटाई की जाएगी। इसके बाद पिच को अंतिम रूप देने के लिए बीसीसीआई की विशेष टीम रायपुर पहुंचेगी। मैदान को अंतरराष्ट्रीय मुकाबले के लिए पूरी तरह से तैयार किया जाएगा।

### ब्लॉक हुए राशन ....

विभागी ने केवायसी अभियान के दौरान ही थोक में मृत सदस्यों के नाम काटे गए थे, लेकिन इसके बाद भी केवायसी नहीं कराने वालों में ऐसे हजारों सदस्यों के नाम थे, जिनकी मृत्यु हो चुकी हैं पर उनके नाम राशन कार्ड से कट नहीं पाए हैं। इसका बड़ा कारण सदस्य की मौत के बाद उसका नाम काटने के लिए आवेदन ही नहीं किए गए थे।

### रायपुर-जबलपुर एक्सप्रेस का ....

के भी अपनी समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक चेतना को संजोए हुए है। यह नामकरण रेलवे के कार्यक्षेत्र से जुड़े धरती, संस्कृति और जनभावनाओं को सम्मान प्रदान करता है।

**आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के विचारों से प्रेरित नामकरण :** यह नाम परिवर्तन संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के अहिंसा, सत्य, संयम और मानवता के विचारों से प्रेरित है । उनके जीवन दर्शन ने समाज को नैतिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं के प्रति जागरूक किया । 'मूक माटी एक्सप्रेस' इस भाव को दर्शाती है कि रेल यात्रा केवल आवागमन ही नहीं, बल्कि मानवीय और सामाजिक मूल्यों से जुड़ाव का माध्यम भी हो सकती है ।

### इम्पैनल्ड लिस्ट में ....

गया है। योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदन के आधार पर अस्पतालों का निरीक्षण किया जाएगा और पात्रता होने पर उन्हें सरकारी कर्मचारियों के इलाज की अनुमति भी प्रदान की जाएगी। निर्धारित शुल्क के अनुसार 20 बेड के 200 बिस्तरों के हास्पिटलों के लिए 50 हजार से 3 लाख रुपए तक शुल्क निर्धारित किया गया है। साथ ही दंत चिकित्सा के लिए भी हास्पिटलों को योजना में शामिल होने प्रथम निरीक्षण के लिए एक लाख रुपए शुल्क देना होगा। इसके अलावा उन्हें निर्धारित जीएसटी की राशि भी देय होगी।

## गांजा तस्कर को 15 साल कैद, डेढ़ लाख रुपए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र में गांजा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार आरोपी को कोर्ट ने 15 साल कैद के साथ डेढ़ लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश किरण थवाइत की कोर्ट में हुई है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गांजा तस्कर को तरुण नगर, सतनाम भवन के पास गांजा तस्करी कर ले जाते गिरफ्तार किया था। विशेष लोक अभियोजक भुवन लाल साहू के अनुसार कोर्ट ने गोबरा नवापारा निवासी प्रवीण देवांगन को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। पुलिस द्वारा कोर्ट में पेश केस डायरी के अनुसार प्रवीण 18 मई 2024 को प्लास्टिक बोरी में गांजा लेकर स्कूटर से ले जा रहा था। इस दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर प्रवीण की स्कूटर रोक कर तलाशी ली, तो प्लास्टिक बोरी में 23 किलो गांजा मिला। जब्त गांजा दो लाख रुपए से ज्यादा कीमत का था।

■ डेढ़ वर्ष पूर्व टिकरापारा थाना क्षेत्र की घटना

### आईआईटी इंदौर में एम्स ने रचा इतिहास

**रायपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने आईआईटीआई–दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन की प्रतिष्ठित दिशा 2.0 पहल के अंतर्गत 09 परियोजना अनुदान प्राप्त कर एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि अनुसंधान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी-आधारित स्वास्थ्य समाधान के क्षेत्र में एम्स रायपुर की बढ़ती नेतृत्वकारी भूमिका को दर्शाती है। देशभर से प्राप्त 286 आवेदनों में से केवल 29 परियोजनाओं और 21 स्टार्ट-अप्स का चयन अनुदान के लिए किया गया। यह पुरस्कार समारोह आईआईटी इंदौर में आयोजित किया गया। जिसमें एम्स के कार्यकारी निदेशक अशोक जिंदल, आईआईटीआई के अध्यक्ष प्रो. सुहास एस. जोशी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

**बिजनेस साइट**

### त्वचा रोग केवल सौंदर्य नहीं, मानसिक और सामाजिक चुनौती भी : डॉ. मनोज अग्रवाला

**रायपुर।** चिकित्सा जगत में डर्मेटोलॉजी को अक्सर केवल सौंदर्य से जोड़कर देखा जाता है, जबकि वास्तविकता इससे कहीं अधिक गहरी है। रायपुर में कार्यरत वरिष्ठ त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज अग्रवाला बताते हैं कि त्वचा रोग सिर्फ शरीर को नहीं, बल्कि व्यक्ति के आत्मसम्मान और मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करते हैं। उनके अनुसार सोरायसिस, एक्जिमा, विटिलिगो, मेलास्मा, गंभीर एक्ने और ऑटोइम्यून त्वचा रोग लंबे समय तक चलने वाले होते हैं और बार-बार उभर सकते हैं। ऐसे रोगों में मरीज वर्षों तक गलत या अधूरे इलाज के कारण परेशान रहते हैं।

डॉ. अग्रवाला कहते हैं, कई मरीजों को पहली राहत तब मिलती है, जब उन्हें अपनी बीमारी का सही नाम और कारण समझ में आता है। सही निदान ही प्रभावी इलाज की दिशा तय करता है। वे बताते हैं कि डर्मेटोलॉजी में इलाज चरणबद्ध होता है और इसमें धैर्य, नियमित फॉलोअप और दीर्घकालिक योजना बेहद जरूरी है। आधुनिक तकनीक सहायक है, लेकिन अंतिम निर्णय डॉक्टर के अनुभव और मरीज की स्थिति को समझने पर निर्भर करता है।




# डेंटल कालेज के पीजी डाक्टरों का नहीं बढ़ा स्टाइपेंड, दो साल से मिल रहा आश्वासन, अब आंदोलन का मूड

## चिकित्सा शिक्षा विभाग से भेजा जा चुका प्रस्ताव शासन स्तर पर है लंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मेडिकल कालेज के पीजी छात्रों की शिष्यवृति बढ़ने के दो साल बाद भी डेंटल कालेज के एमडीएस को इसका लाभ नहीं मिला है। स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग पर छात्र शासन से संबंधित जिम्मेदारों के साथ जनप्रतिनिधियों से भी मुलाकात कर चुके हैं।

शनिवार को काली पट्टी लगाकर प्रदर्शन के बाद भी ठोस पहल नहीं होने पर वे हड़ताल जैसा उग्र कदम उठाएंगे। एमडीएस छात्रों का स्टाइपेंड में 14 से 15 हजार की वृद्धि किए जाने की मांग की जा रही है। एकमात्र शासकीय डेंटल कालेज में स्नातकोत्तर विषयों में विद्यार्थियों की संख्या साठ के करीब है, वहीं इंटर्नशिप करने वाले छात्रों की संख्या 85 है। इनके द्वारा शिष्यवृति की राशि बढ़ाने की मांग काफी समय से की जा रही है। वर्ष 2023 के अगस्त में शासकीय मेडिकल कालेज के एमडी-एमएस के विद्यार्थियों के स्टाइपेंड में बढ़ोतरी की गई थी। उस दौरान एमडीएस के विद्यार्थियों को भी इसका लाभ मिलने की उम्मीद थी। इस दौरान दंत चिकित्सा छात्रों ने चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग से जुड़े तमाम अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें केवल आश्वासन मिला। सूत्रों के अनुसार चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा इस मामले में प्रस्ताव शासन स्तर पर भेजा जा चुका है जिस पर अंतिम निर्णय लंबित है।काफी इंतजार के बाद डेंटल के पीजी डाक्टर आंदोलन का मूड बना रहे हैं।

शासकीय डेंटल कालेज के छात्र डा. वरुण अग्रवाल ने बताया कि शनिवार को पीजी डाक्टर काली पट्टी लगाकर अपना विरोध प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद भी शासन स्तर पर कोई ठोस पहल नहीं किए जाने पर वे काम बंद जैसा फैसला लेंगे।

### 1.40 करोड़ का भार

चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा भेजे गए प्रस्ताव के मुताबिक एमडीएस और इंटर्नशिप के छात्रों का स्टाइपेंड बढ़ाने से 11.72 हजार रुपए प्रतिमाह और 1.40 करोड़ रुपए सालाना का व्यय आएगा। इसके साथ ही प्रस्ताव में तेलगांना शासन के आदेश के भी जिक्र किया गया है। वहां एमबीबीएस के साथ बीडीएस और एमडी-एमएस की तरह एमडीएस को सामान स्टाइपेंड दिया जाता है।



### एमडीएस छात्रों की शिष्यवृति

| वर्ष | वर्तमान | प्रस्तावित |
|---|---|---|
| प्रथम | 53550 | 67500 |
| द्वितीय | 56700 | 71450 |
| तृतीय | 59200 | 74600 |
| बीडीएस इंटर्न | 12600 | 15900 |

## खबर संक्षेप



### कृषि स्नातक छात्रों ने सीखा खेती को व्यवसाय बनाने का हुनर

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि महाविद्यालय में अध्ययनरत कृषि स्नातक के सप्तम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने ग्रामीण कृषि कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि, ग्रामीण, सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों से संबंधित व्यापक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण पंजाब नेशनल बैंक कृषक प्रशिक्षण संस्थान, लभांडी में प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों को कृषि की पारंपरिक एवं आधुनिक तकनीकों से अवगत कराते हुए उन्हें आजीविका एवं स्वरोजगार के लिए तैयार करना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के निदेशक तुषार सरोते के कुशल निर्देशन में किया गया। श्री सरोते द्वारा प्रशिक्षण की उपयोगिता तथा संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि कृषि हमारे जीवन का आधार स्तंभ है और इसकी जरूरत दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है आधुनिक कृषि में अपार संभावनाएं हैं, हमें सिर्फ संभावनाओं को चिन्हांकित कर चयन करने की आवश्यकता है। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञ रामभरत ओझा द्वारा विद्यार्थियों को कृषि से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों पर गहन मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कृषि से संबंधित प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को बीज चयन, वैज्ञानिक ढंग से बुवाई, फसल संरक्षण की आधुनिक विधियाँ, मशरूम उत्पादन, वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, बोनसाई पौधे तैयार करने की तकनीक सिखाई गई।

### दिव्या नगर कालोनी में बनेगी नई नाली

**रायपुर।** दिव्या नगर कालोनी की लगभग 20 वर्ष पहले नाली का निर्माण हुआ था। नाली का लेवल सड़क से अब काफी नीचे बैठ चुकी है, जिसके कारण कालोनी में निकासी नहीं होने से जल भराव की समस्या रहती है। रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल देवांगन ने शुक्रवार को इस कालोनी का निरीक्षण किया और यहां निवासरत लोगों को आश्वासन दिया कि जल्द ही नई नाली का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने इसके लिए प्रस्ताव तैयार करने अधिकारियों को निर्देश दिए।

### 5.76 बल्क लीटर अवैध देशी शराब-स्कूटी जब्त



**रायपुर।** आबकारी टीम ने 08 जनवरी को ग्राम बाना थाना आरंग अंतर्गत नवीन प्राथमिक शाला के सामने जांच के दौरान अवैध रूप से शराब का धारण एवं परिवहन करते हुए एक आरोपी को पकड़ा है। आरोपी उजेंद्र बंजारे के कब्जे से हीरो डेस्टिनी प्राइम स्कूटी जब्त की है, जिसकी डिक्की से 32 पाव देशी शराब मसाला यूनिक कुल 5.76 बल्क लीटर बरामद किया। इस प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कोर्ट में पेश कर जेल भेजा है।

## खारुन नदी में गंदगी जाने से रोकने चिंगरी नाला में लगाए गए स्क्रीनिंग राड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर से गुजरी खारुन नदी में चिंगरी नाला की गंदगी को जाने से रोकने के लिए शुक्रवार को नगर निगम प्रशासन ने विशेष अभियान चलाया। चिंगरी नाला की विशेष सफाई कराने के साथ नाला के अंतिम छोर पर स्क्रीनिंग राड भी लगवाए गए, ताकि नाला की गंदगी खारुन में न जाए। रायपुर पश्चिम क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत और महापौर मीनल चौबे ने चिंगरी नाला की गंदगी खारुन नदी में जाने की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर इसका निरीक्षण किया था। इस दौरान चिंगरी नाला जाम पड़ा हुआ था, वहीं उसकी गंदगी खारुन नदी में भी जा रही थी। इसे देखकर विधायक और महापौर ने नाराजगी जताते हुए जल्द से जल्द इसे रोकने के लिए निर्देश दिए थे। इसके तहत नगर निगम मुख्यालय और जोन-8 कार्यालय से स्वास्थ्य विभाग एवं सफाई गैंग ने संयुक्त रूप से यहां अभियान चलाया। इस दौरान चिंगरी नाला की सफाई कराई गई और नाला के अंतिम छोर में गंदगी खारुन नदी में जाने से रोकने के लिए यहां स्क्रीनिंग राड लगवाए गए। इस दौरान निगम के आला अधिकारियों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को एसटीपी के मार्गों की निरंतर मॉनिटरिंग कर आवश्यक सफाई के लिए टीम तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

## मामला महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विवि का

# एक विवि और दो कुलसचिव! विद्यार्थियों ने पूछा- असली कौन?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय में दो कुलसचिवों की नियुक्ति को लेकर विवाद बढ़ गया है। शुक्रवार को छात्रों ने भी इसे लेकर विरोध दर्ज कराया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का आरोप है कि नवपदस्थ कुलसचिव आरएल खरे द्वारा विश्वविद्यालय के आधिकारिक रजिस्ट्रार ई-मेल आईडी का उपयोग करते हुए सभी विभागों को यह सूचना भेजी गई कि उन्होंने पदभार ग्रहण कर लिया है, जबकि शासन द्वारा विधिवत नियुक्त कुलसचिव यशवंत केराम पहले से पदस्थ हैं। ऐसे में परिषद ने सवाल उठाया कि वर्तमान कुलसचिव के रहते हुए कोई अन्य व्यक्ति रजिस्ट्रार की आधिकारिक ई-मेल आईडी का उपयोग कैसे कर सकता है। एबीवीपी ने यह भी आरोप लगाया

कि आर.एल. खरे द्वारा कुलसचिव यशवंत केराम के केबिन पर जबरदस्ती कब्जा कर उनका नाम-पट्ट हटाकर स्वयं का नेम प्लेट लगाया गया। विद्यार्थी परिषद ने मांग करते हुए कहा, इस विषय को तत्काल स्पष्ट किया जाए और यह घोषित किया जाए कि विश्वविद्यालय का वैध कुलसचिव कौन है, जिससे शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सकें और विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ न हो।



### यह है मामला

राजभवन द्वारा 23 दिसंबर 2024 को रामलखन खरे को उनके मूल पद पर प्रतिस्थापित किया गया था। तत्पश्चात छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 6 अक्टूबर 2025 को यशवंत केराम को कुलसचिव पद पर नवीन पदस्थापना दी गई। 2 जनवरी 2026 को राज्यपाल द्वारा जारी आदेश में आरएल खरे को प्रथम कुलसचिव के आदेशों का निर्माण करने का उल्लेख है, किंतु उस आदेश में वर्तमान पदस्थ कुलसचिव यशवंत केराम को हटाने का कोई स्पष्ट निर्देश नहीं है। इस प्रकार विश्वविद्यालय में वर्तमान में दो कुलसचिवों की स्थिति बनी हुई है।एबीवीपी के प्रदेश सह मंत्री प्रथम राव फूटाने के नेतृत्व में यह प्रदर्शन हुआ। एबीवीपी ने कहा, कुलपति महोदय द्वारा अब तक राजभवन अथवा छत्तीसगढ़ शासन से इस विषय पर स्पष्ट दिशा-निर्देश क्यों नहीं मांगे गए? छत्तीसगढ़ में पहले से ही कई विश्वविद्यालय ऐसे हैं, जहां स्थायी कुलपति और कुलसचिव नहीं हैं, लेकिन यह शायद देश का पहला विश्वविद्यालय है, जहां एक ही समय में दो कुलसचिव कार्य कर रहे हैं। यह प्रशासनिक लापरवाही अत्यंत निंदनीय है।

## 50 बिस्तर सीएचसी पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री, मरीजों से जाना उपचार व्यवस्था का हाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आयुर्वेद अस्पताल परिसर में चलने वाले 50 बिस्तर शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद मरीजों से स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने उपचार व्यवस्था और मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने चिकित्सकीय स्टाफ से स्वास्थ्य केंद्र को बेहतर बनाने में सामने आने वाली कमियों के बारे में पूछा। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शुक्रवार को शहरी सीएचसी अचानक पहुंचे थे। उनका उद्देश्य मरीजों को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता की जांच करना और आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति को आमजन के लिए अधिक प्रभावी बनाना था। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल के विभिन्न विभागों का बारीकी से अवलोकन किया और वहां उपलब्ध संसाधनों तथा मरीजों को दी जा रही उपचार सेवाओं की विस्तृत जानकारी ली। उसके साथ ही स्वास्थ्य मंत्री ने वहां तैनात चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों और अन्य स्टाफ के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि बेहतर उपचार और स्वास्थ्य संसाधनों का विस्तार करना सरकार की प्राथमिकता है, ताकि इसका सीधा लाभ मरीजों को मिले। स्वास्थ्य मंत्री वहां अपनी नियमित जांच के लिए पहुंची गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों को इलाज के लिए लेकर आई माताओं से मिलने वाली दवाईयों के बारे में जानकारी ली।

## इलाज कराने आई महिला से आंबेडकर अस्पताल में ठगी, सोने की चूड़ी ले भागा बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पैर का इलाज कराने आई महिला से आंबेडकर अस्पताल में ठगी हो गई। बेटी के साथ पहुंची महिला को मास्क पहने एक युवक ने अपने झांसे में लिया और सोने की चूड़ी और इलाज कराने के नाम पर 35 सौ रुपए लेकर चंपत हो गया। मामले की शिकायत मौदहापारा थाने में की गई है। वहीं अस्पताल प्रबंधन की ओर से संदिग्ध का फूटेज भी पुलिस को उपलब्ध कराया गया है।

जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम सात बजे एक महिला अपनी बेटी के साथ पैरों का इलाज कराने के लिए आंबेडकर अस्पताल आई थी। जांच के बाद उसे एक्स-रे कराने भेजा गया था। बताया जाता है कि इसी दौरान एक मास्क पहना युवक उससे मिला। मां-बेटी को लगा कि वह अस्पताल का स्टाफ है। एक्स-रे रूम के बाहर युवक के कहने पर महिला ने अपने हाथों में पहनी सोने की चूड़ी उतारकर उसे दी। इस दौरान युवक ने इलाज कराने के नाम पर उनसे 3500 रुपए लिए और झांसा दिया कि वह पैसा जमा कराने काउंटर की ओर जा रहा है। सोने की चूड़ी भी वह जमा करा देगा। उनकी बातों में आई मां-बेटी एक्स-रे कराने के बाद जब बिलिंग काउंटर पहुंचीं, तो उन्हें ठगी का पता चला। सीएमओ रूम में आकर उन्होंने अपनी शिकायत दर्ज कराई और वहां से मिले फूटेज के आधार पर इसकी शिकायत महिला ने मौदहापारा थाने में दर्ज कराई। वीडियो फूटेज में संदिग्ध की मास्क लगी तस्वीर नजर आ रही है।

**एक्स-रे कराने के दौरान दिया झांसा, 35 सौ रुपए भी ले भागा**



## ट्रांसपोर्ट नगर में हत्या, दो साल बाद अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खमतराई थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर में संदिग्ध हालत में मिली महिला की लाश के मामले में पुलिस ने दो साल बाद हत्या का अपराध दर्ज किया है। पीएम रिपोर्ट तथा अन्य तकनीकी रिपोर्ट के आधार पर महिला की गला दबाकर हत्या होने की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने हत्या का अपराध दर्ज कर नए सिरे से जांच शुरू की है।

पुलिस के मुताबिक ट्रांसपोर्ट नगर में 23 अगस्त 2024 को खाने-पीने का सामान बेचने वाली लता बाई साहू (45) की संदिग्ध हालत में लाश मिली थी। पुलिस ने पूर्व में महिला की मौत खुदकुशी का मामला होने का बताकर मर्ग जांच करने के बाद फाइल बंद कर दी थी। महिला की पीएम रिपोर्ट में गला दबाने की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने फोरेंसिक जांच कराई। फोरेंसिक जांच में भी गला दबाकर हत्या करने की पुष्टि होने पर पुलिस ने हत्या का अपराध दर्ज किया है। महिला की गला दबाकर हत्या की पुष्टि होने के बाद आरोपी की पतासाजी करने पुलिस महिला के पारिवारिक के साथ आसपास के लोगों के साथ संबंध के बारे में जानकारी जुटा रही है। साथ ही पुलिस को आपसी रंजिश के कारण महिला की हत्या किए जाने की आशंका है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक महिला अपने खाने-पीने की दुकान में अवैध रूप से शराब की बिक्री करती थी।

■ पीएम रिपोर्ट में गला दबाने से हत्या की पुष्टि के बाद पुलिस ने दर्ज किया अपराध

### 12 वर्ष पुरानी पाइप लाइन में लीकेज, सुधारी गई

**रायपुर।** कचना स्थित ई.डब्ल्यू.एस. कालोनी में 12 वर्ष पूर्व पानी की सप्लाई के लिए बिछाई गई पाइप लाइन में कई जगह क्षतिग्रस्त होने के कारण लिकेज की समस्या थी। इसके कारण पाइप लाइन से गंदा पानी भी आने लगा था। इसकी शिकायत मिलने पर नगर निगम ने पाइप लाइन की मरम्मत कराकर इसे सुधारकर तत्काल कालोनीवासियों को राहत दी।

# स्काउट्स एवं गाइड्स नियमों की खुली अवहेलना का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ भारत स्काउट्स एवं गाइड्स से जुड़े राष्ट्रीय स्तर के रोवर–रेंजर जंबूरी के आयोजन को लेकर गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। बताया गया है कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स एक स्वायत्त एनजीओ है, जिसकी राज्य इकाई अपनी स्वीकृत नियमावली के अनुसार संचालित होती है।

12 फरवरी 2021 को राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा अनुमोदित नियमावली के तहत राज्य परिषद व कार्यकारिणी कार्य करती है। उपनियम 47 से 86 तक स्पष्ट है कि किसी भी संशोधन के लिए राज्य परिषद की स्वीकृति तथा राष्ट्रीय मुख्यालय की अनुमति आवश्यक है। राज्य परिषद द्वारा 18 जुलाई 2024 को उपनियम संशोधन हेतु समिति बनाई गई, जिसमें ट्रिपलआई रूल्स बुक के 60 के अनुसार छत्तीसगढ़ भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के उपनियम 17 (आई) में एक बार अध्यक्ष पद पर मनोनीत होने के उपरांत राज्य परिषद के कार्यकाल तक अध्यक्ष बने रहेंगे। रूल्स बुक ट्रिपलआई 64.2 के अनुसार इस तरह अध्यक्ष बनने के बाद पांच साल तक बृजमोहन अग्रवाल ही अध्यक्ष होंगे। वहीं उपनियम कंडिका 10 के अनुसार स्कूल शिक्षा मंत्री को संरक्षक पद हेतु आमंत्रित किया जाएगा, का प्रस्ताव रखा गया। इस प्रस्ताव को राज्य परिषद ने 8 अक्टूबर 2024 की बैठक में अनुमोदन किया गया और पत्र 21 दिसंबर 2024 को राष्ट्रीय मुख्यालय को अनुमोदन हेतु भेजा गया था, जहां से राज्य सचिव को 15 अप्रैल 2025 को डायरेक्टर राष्ट्रीय मुख्यालय के पत्र क्रमांक बीएसजी/एनएचक्यू 10-3-19/1181/2025 में अनुमोदन पत्र प्राप्त हुआ था। इस तरह श्री अग्रवाल पांच साल तक अध्यक्ष बने रहेंगे। इसके बावजूद नियमों को ताक पर रखकर पदाधिकारियों को हटाया गया और मनमानी नियुक्तियां की गईं। भारत स्काउट्स एंड गाइड्स छत्तीसगढ़ ने 8 अक्टूबर 2024 को परिषद की बैठक में सभी सदस्यों की आम सहमति से राज्य के उपनियम में आवश्यक संशोधन करने के लिए प्रस्ताव पारित किया था।

### संशोधन के लिए भेजा था मुख्यालय को पत्र

संशोधन में यह स्पष्ट किया गया था कि आने वाले 5 वर्षों तक राज्य अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल रहेंगे। उपनियम के कंडिका 10 के अनुसार शिक्षा मंत्री को संरक्षक पद हेतु आमंत्रित किया जाएगा। इस संशोधन के अनुमोदन करने के लिए 21 दिसंबर 2024 को भारत स्काउट्स एंड गाइड्स छत्तीसगढ़ ने राष्ट्रीय मुख्यालय को पत्र लिखा था, जिसके जवाब में 15 अप्रैल 2025 को एक पत्र के माध्यम से राष्ट्रीय मुख्यालय ने सक्षम अधिकारी द्वारा सभी संशोधन को स्वीकृति देकर अनुमोदित करने की जानकारी दी थी।

## कुछ चुनिंदा वार्डों को जारी की जा रही राशि : आकाश

# नेता प्रतिपक्ष ने कहा- विकास कार्यों के लिए मिली राशि का मनमानी से कर रहे उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने महात्मा गांधी सदन नगर निगम मुख्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि वर्तमान की महापौर परिषद की 8 जनवरी को एमआईसी बैठक हुई। उक्त बैठक में जिन एजेंडों पर चर्चा हुई, उनमें विकास के एजेंडे पर भी चर्चा हुई।

वर्तमान महापौर परिषद ने जिन विकास कार्यों की बात मेयर इन काउंसिल की बैठक में कही और आज तक कहती आ रही हैं, वे सारी समझ से परे हैं। पूर्व की महापौर परिषद द्वारा किए गए कार्य का क्रियान्वयन समय से किया गया, जिसके फलस्वरूप प्रोत्साहन राशि 24 करोड़ अच्छे कार्य करने के बाद मिली थी।



वर्तमान महापौर की परिषद उक्त प्रोत्साहन राशि से अपने विकास कार्यों को संचालित कर रही है और नवीन योजनाओं में उक्त राशि का उपयोग कर रही है। केंद्र सरकार द्वारा अमृत मिशन योजना के अंतर्गत 85 परसेंट कार्य का क्रियान्वयन सही तरीके से कराए जाने के कारण केंद्र सरकार ने 15 करोड़ की प्रोत्साहन राशि रायपुर नगर निगम को दी, जिसमें पूर्व महापौर परिषद का विशेष योगदान रहा। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लान को पूर्ववर्ती महापौर परिषद द्वारा बनवाया गया था, जिसको राष्ट्रीय स्तर पर 4 स्टार रैंकिंग प्राप्त हुई थी, जिसके फलस्वरूप अभी वर्तमान महापौर परिषद को 8.75 करोड़ रुपए केंद्र सरकार से दिए जाने की स्वीकृति प्राप्त हुई। विकास कार्यों के लिए मिली राशि का उपयोग करने में मनमानी बरती जा रही है, कुछ चुनिंदा वार्डों को राशि जारी की जा रही है।





02

स्टूडेंट्स के रेट्रो और रॉक डांस-सांग्स ...

● सिविल लाइंस स्थित गांधी उद्यान में तीन दिवसीय फूल, फल, सब्जी और पौधों की प्रदर्शनी का शुभारंभ

# गेंदा-गुलाब और रजनीगंधा से महका गांधी उद्यान, 365 दिन मुस्कुराने वाले बारहमासी फूल आकर्षण का केंद्र



"सिविल लाइंस स्थित गांधी उद्यान में फूल, फल, सब्जी और पौधों की प्रदर्शनी प्रकृति प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी। प्रदर्शनी प्रकृति की ओर सोसायटी, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय और नाबार्ड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित है। शुक्रवार को प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ हुआ। फूलों की प्रदर्शनी में जहां बारहमासी फूलों में गुलाब, बोगनवेलिया, चांदनी, अल्मांडा जैसे फूलों की सजावट एकाएक लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है, वहीं फलों में रामफल, केला, पपीता, बेर, चीकू, स्ट्राबरी और सब्जियों में बैंगन, टमाटर, सेमी, पत्तागोभी, फूलगोभी जैसी अलग-अलग किस्म की सब्जियां लोगों को ललचा रही हैं।"







**रायपुर।** प्रकृति की ओर सोसायटी के अध्यक्ष मोहन वल्यानी ने बताया कि इस प्रदर्शनी में राज्यभर से फूल, फल, सब्जियों की उन्नत खेती करने वाले किसानों के कृषि, बागवानी, वानिकी और उद्यानिकी में नवाचार को लोगों तक पहुंचाया गया है, जिसे देखने प्रकृति प्रेमियों सहित स्टूडेंट्स, सोसायटी की महिलाएं, बच्चे-बड़े सभी परिवार के सदस्यों के साथ पहुंचे। प्रदर्शनी में फूलों की 50 से अधिक किस्मों में प्रमुख गेंदा, गुलाब, चमेली, रजनीगंधा, बोगनवेलिया, मोगरा, अपराजिता, हरसिंगार और विभिन्न ऑर्किड जैसे भारतीय व विदेशी फूलों की सजी बगिया का आनंद उठा रहे हैं। साथ ही शहरवासी भी टैरेस गार्डनिंग, बागवानी, बोनसाई आर्ट, फूल, फल, सब्जी की खेती और उत्पादन की जानकारी ले रहे हैं। इसके अलावा प्रदर्शनी में फूलों की महक और सुंदरता को लोग अनुभव करते हुए अपने मोबाइल के कैमरे में कैद कर फोटोग्राफी से मेमोरियबल बना रहे हैं।





### 100 एकड़ में प्रदेश की सबसे बड़ी कोकोनट फार्मिंग

प्रदर्शनी में नारियल विकास बोर्ड के स्टॉल पर दर्शकों को नारियल की खेती और लाभ के बारे में जानकारी दी जा रही है। विभाग के संबंधित पारसचंद ने बताया कि पूरे छत्तीसगढ़ में सबसे बड़ी कोकोनट फार्मिंग कोंडागांव जिले में की जा रही है। यहां के किसान लगभग 100 एकड़ क्षेत्रफल में उन्नत नारियल प्रोडक्शन कर रहे हैं, जहां के नारियल पूरे प्रदेश के बाजारों में पहुंच रहे हैं। उन्होंने लोगों को नारियल की खेती के लिए शासन से सहयोग और आर्थिक मुनाफे के बारे में बताया है।

### बेर के तीन किस्मों का प्रोडक्शन

प्रदर्शनी में उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी विभाग के स्टॉल पर फल व सब्जियों की प्रदर्शनी लगाई गई है। इसमें विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कम सिंचाई सुविधा के साथ बेर की तीन किस्मों की प्रदेश में उन्नत खेती की जा रही है। इसमें एप्पल बेर, देशी बेर और बनारसी बेर प्रमुख हैं। वहीं टमाटर का सबसे बड़ा उत्पादक जिला सरगुजा और बेमेतरा है।

### अमरूद की फ्रूट बैगिंग और प्रोडक्शन नवाचार

प्रदर्शनी में कृषि विश्वविद्यालय का स्टॉल लगाया गया है, जहां पीएचडी सेकंड ईयर की छात्रा प्राची मिश्रा ने बताया कि वे विश्वविद्यालय में अमरूद के फ्रूट बैगिंग और नैनो ईयर स्प्रे से प्रोडक्शन बढ़ाने शोध कर रही हैं। शोध में अमरूद फ्रूट बैगिंग के लिए ब्राउन बैग का नवाचार कर और इस बैगिंग का प्रयोग अमरूद को किट व फंगस आदि से बचाने में कर रही हैं। कृषि की शोधार्थी छात्रा ने बताया कि अमरूद के फलों की गुणवत्ता बढ़ाने, उन्हें कीटों और बीमारियों से बचाने के साथ-साथ धूप से होने वाले नुकसान को रोकने के लिए ब्राउन पेपर बैगिंग एक प्रभावी तकनीक साबित हुई है। वहीं स्प्रे का शोध प्रोसेसिंग में है।



### विधानसभा और नगर घड़ी थीम पर फूलों की प्रदर्शनी अनोखी

प्रदर्शनी में नया विधानसभा भवन बनाकर उसके सामने विविध वैरायटी के फूलों की प्रदर्शनी काफी सुंदर और आकर्षक लग रही है। वहीं नगर घड़ी बनाकर उन्हें गेंदा के दो वैरायटी से सजाया गया है। दोनों ही थीम पर फूल प्रदर्शनी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

## जॉब अलर्ट

## आर्मी एसएससी टेक्निकल के पदों पर रजिस्ट्रेशन शुरू

**रायपुर।** भारतीय सेना की ओर से एसएससी टेक्निकल परीक्षा के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। इस भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से एसएससी टेक्निकल के कुल 350 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके साथ ही इन पदों पर आवेदन प्रक्रिया 7 जनवरी 2026 से शुरू हो गई है। जो उम्मीदवार भारतीय सेना में एसएससी टेक्निकल के पदों पर आवेदन करना चाहते हैं, वे भारतीय सेना की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर 5 फरवरी 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। इन पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की आयु की गणना 1 अक्टूबर 2026 के आधार पर की जाएगी। आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की आयु 20 से 27 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इन पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों ने स्नातक में इंजीनियरिंग की डिग्री पूरी कर ली हो या उम्मीदवार इंजीनियरिंग में स्नातक के अंतिम वर्ष में अध्ययनरत होना चाहिए।




### आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी के पदों पर भर्ती

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग ने आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी के पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। उम्मीदवार आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी के कुल 130 पदों पर भर्ती के लिए 13 मार्च 2026 से रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। साथ ही इन पदों पर आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 अप्रैल, 2026 निर्धारित की गई है। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट **www.mppsc.mp.gov.in** पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकेंगे।

## राष्ट्रीय एकता की भावना को दृढ़ करता है जंबूरी

**रायपुर।** सशक्त युवा विकसित भारतसी थीम पर भारत स्काउट एवं गाइड, छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य की प्रथम रोवर रेंजर प्री जंबूरी का समापन गुरुवार को प्रेरणादायक और सांस्कृतिक वातावरण में संपन्न हुआ। पार्क में आयोजित समापन समारोह में जंबूरी के विद्यार्थियों एवं प्रशिक्षक शिक्षकों ने स्काउट मूल्यों के अनुरूप सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन कर सर्वधर्म समभाव की भावना को आत्मसात करने का सार्थक प्रयास किया।





### राष्ट्रीय एकता के भाव से ओतप्रोत हुए विद्यार्थी

'रघुपति राघव राजा राम' की सामूहिक प्रस्तुति से पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा, सौहार्द और राष्ट्रीय एकता के भाव से ओतप्रोत हो गया। छत्तीसगढ़ की प्रथम रोवर- रेंजर प्री जंबूरी के इस आयोजन की शुरुआत पहले दिन केंद्रीय विद्यालय में उद्घाटन समारोह के साथ हुई, जहां प्री जंबूरी बुकलेट का विमोचन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता डिप्टी डिविजनल कमिश्नर रविंद्र कुमार ने की। दूसरे दिन थगड़ा बांध में कैंप क्राफ्ट गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें टेंट पिचिंग, गांठें, प्राथमिक कैंप व्यवस्था एवं बी.पी. सिक्स एक्सरसाइज का अभ्यास कराया गया। प्रतिभागियों ने अनुशासन, सहयोग और आत्मविश्वास के साथ गतिविधियों में भाग लिया। इस पूरे जंबूरी आयोजन में प्रशिक्षक दल के रूप में संजीव कुमार वर्मा, अजय कुमार यादव, प्रभु शंकर, अनुराग चौरसिया, तिजराम चौहान, दानी दास गिरिया, दीपा सर्राफ, रविंदर पाल सेहमी, सोसन लकड़ा, कंचन गुप्ता, अमिता चौधरी, इंदु रानी खाखा, नूपुर मिश्रा, डॉ. सतीश गोठरवाल, शिवराज सिंह राजपूत, डॉ. राखी श्रीवास्तव, रचना पाल एवं डॉ. अजय आर्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।समापन समारोह में दुर्ग महापौर अलका बाघमार उपस्थित रही। कार्यक्रम के प्रारंभिक चरण में महापौर अलका बाघमार, सुनीता बोहरा, डॉ. अजय आर्य, कमल सोनी, नगर निगम परिषद के प्रभारी चंद्राकर एवं संजीव कुमार वर्मा द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

## हास्य कविताओं से गूंजा मंच मातृशक्ति ने दिखाया दम

**रायपुर।** वनबंधु परिषद रायपुर महिला समिति द्वारा "नारी चेतना- हंसी, खेल और आत्मबल" कार्यक्रम का भव्य, सफल एवं अत्यंत उल्लासपूर्ण आयोजन संतोष हॉल, मैग्नेटो मॉल, रायपुर में संपन्न हुआ। उक्त जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नारी के मानसिक सशक्तिकरण, सकारात्मक सोच एवं आनंदमय सहभागिता को प्रोत्साहित करना था।



### मन को भी थोड़ा आराम चाहिए

वही प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता खंडेलवाल ने बताया कि प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक आंचल रेखानी द्वारा "मन को भी थोड़ा आराम चाहिए" विषय पर एक अत्यंत सार्थक, संवेदनशील एवं प्रेरणादायक संवाद सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में उन्होंने विशेष रूप से 50 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं के जीवन अनुभवों को ध्यान में रखते हुए भावनात्मक थकान, अकेलापन तथा सामाजिक अपेक्षाओं से उत्पन्न मानसिक दबावों पर गहन प्रकाश डाला। महिला समिति की प्रदेश अध्यक्ष कांता सिंघानिया ने बताया कि प्रसिद्ध कवयित्री शशि दुबे ने अपनी हास्य कविताओं के माध्यम से उपस्थित मातृशक्ति को हंसी से सराबोर कर दिया और पूरे सभागार में उल्लास एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। वहीं सचिव सरिता रेखानी ने जानकारी दी कि कार्यक्रम के दौरान मनोरंजक गेम्स, हाउजी का भी आयोजन किया गया था। कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र के साथ किया गया।

## छा गया रिखी का छत्तीसगढ़िया रंग देशभर के दलों के बीच मिली सराहना



**रायपुर।** प्रख्यात लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय व उनके समूह ने अंडमान निकोबार द्वीप समूह में छत्तीसगढ़ी संस्कृति के जमकर रंग बिखेरे। हाल ही में वहां संपन्न हुए आईलैंड टूरिज्म फेस्टिवल-2025 में देश भर के कलाकारों के बीच रिखी क्षत्रिय के समूह ने छत्तीसगढ़ लोकनृत्य व संगीत का जादू जगाया। जिसे अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के प्रशासक उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी सेवानिवृत्त सहित सभी अतिथियों और देश भर के सैलानियों ने खूब पसंद किया। प्रशासक ने रिखी और उनके समूह की प्रस्तुति की बेहद तारीफ की। संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा छत्तीसगढ़ शासन रायपुर की ओर से अंडमान निकोबार के इस लोक नृत्य महोत्सव में रिखी क्षत्रिय व उनके समूह को भेजा गया था। जिसमें रिखी के साथ 16 सदस्यीय दल ने वहां के अलग-अलग द्वीपों में 31 दिसंबर तक अपनी प्रस्तुति दी। रिखी क्षत्रिय ने बताया कि इस प्रतिष्ठित समारोह में 10 राज्यों के लोकनृत्य समूहों को आमंत्रित किया गया था।

कार्नर न्यूज

पंजाबी विमेन एसोसिएशन का भव्य लोहड़ी कार्यक्रम

## लोहड़ी में गिद्दा डांस और सास-बहू रैंप वॉक ने मचाया धमाल







**रायपुर।** पंजाबी विमेन एसोसिएशन ने शुक्रवार को लोहड़ी कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया। इस दौरान एसोसिएशन के महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में सज-संवर कर गिद्दा डांस, सास-बहू रैंप वॉक से धमाल मचाया। वहीं कार्यक्रम में विविध प्रतियोगिताओं में लकी ड्रॉ, नई बहुओं और बच्चों के स्वागत से लोहड़ी कार्यक्रम को मजेदार तथा यादगार बनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरनीत कौर ने की। उन्होंने बताया कि यह आयोजन एक निजी होटल में आयोजित किया गया। इसमें पंजाबी विमेन एसोसिएशन की सदस्यों ने मिलकर लोहड़ी सेलिब्रेशन का 31वां वर्ष मनाया। इसमें सभी सदस्यों ने लोहड़ी कार्यक्रम को गिद्दा डांस, रैंप वॉक, खेल प्रतियोगिताओं से मनोरंजक बनाया। इस अवसर को खास बनाने में टीम विरासत की सचिव सिमरन, कोषाध्यक्ष सतनाम, सीनियर बोर्ड मेंबर नीतू, पूजा आदि शामिल हुईं।

### खालसा स्कूल में आज लोहड़ी दी शाम, मनेगा पारंपरिक उत्सव

सिख समाज महिला विंग की पहल पर शनिवार को लोहड़ी दी शाम का आयोजन पारंपरिक तरीके से किया जाएगा। लोहड़ी पंजाब और उत्तर भारत का एक प्रमुख फसल आधारित सांस्कृतिक पर्व है। हर साल 13 जनवरी को मकर संक्रांति से ठीक पहले इसे मनाया जाता है। यह सर्दियों के अंत, रबी फसलों की कटाई के आगमन का प्रतीक है। इसमें लोग अलाव जलाकर पारंपरिक गीत गाते और नाचते हैं। तिल, गुड़, मूंगफली और रेवड़ी जैसी व्यंजन आग में डालकर और परिवार के साथ सांस्कृतिक भोजन (सरसों का साग, मक्के की रोटी, खीर) का आनंद लेते हुए उत्सव मनाते हैं। इस बार गिद्दा, भांगड़ा मुख्य आकर्षण होंगे।

### उत्सव में सांस्कृतिक छटा बिखेरने की तैयारी

इस अवसर को खास बनाने के लिए महिला विंग ने अलग-अलग थीम बेस्ड प्रोग्राम तय किया है। इसमें सोहनी जोड़ी, न्यू बोर्न बेबी, दादी-मां-बेटी, कल आज और कल जैसी श्रृंखलाओं से लोगों को बेहतर माहौल देने की तैयारी में है। पंजाबी गीत-संगीत के साथ समाज की महिला विंग द्वारा पारंपरिक उत्सव में सांस्कृतिक छटा बिखेरने की तैयारी पहले से की गई है। इस उत्सव में समाज के लोग परिवार के साथ शामिल होते हैं। इसे देखते हुए महिला विंग और समाज प्रमुखों की पहल से उत्सव मनाने की तैयारी है।

**समाज लाइव**

## डीडीनगर में कल विराट हिंदू सम्मेलन, निकलेगी कलश यात्रा



**रायपुर।** सर्व हिंदू समाज द्वारा 11 जनवरी को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर में किया गया है। इसकी तैयारी के लिए एक बैठक आयोजित की गई। इसमें सम्मेलन को सफल बनाने के लिए विभिन्न समाज प्रमुखों को भागीदारी व जिम्मेदारी तय की गई। आयोजन समिति प्रमुख अनुराग पांडेय, नोहर राम साहू एवं पीके गुप्ता ने बताया कि हिंदू समाज को संगठित करने के लिए विराट हिंदू सम्मेलन किया जा रहा है। आयोजन पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर स्थित दुर्गा उद्यान में दोपहर 2 बजे से शुरू होगा। तैयारी के लिए विभिन्न समाज प्रमुखों को जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही गणेश मंदिर, पशुपतिनाथ मंदिर समिति, लक्ष्मीनारायण मंदिर समिति, गणेश उत्सव समिति, दुर्गा उत्सव समिति, भजन मंडल समिति, योग समिति, शिवधाम मंदिर समिति एवं हनुमान चालीसा समिति इसमें सहयोग प्रदान कर रही हैं।

### कलश यात्रा के बाद सांस्कृतिक प्रस्तुति

सम्मेलन की कड़ी में दोपहर 1 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो डीडीनगर के विभिन्न स्थानों से गुजरते हुए दुर्गा गार्डन में एकत्रित होगी। इसके बाद सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी। इसमें प्रसिद्ध पंडवानी गायक चेतन देवांगन कपालिक शैली में पंडवानी की प्रस्तुति देंगे। इसके बाद बच्चे देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति देंगे। इस क्रम में हिंदू सम्मेलन शुरू होगा। इसमें कबीर आश्रम सोनपैरी के श्री देवकर महाराज मुख्य अतिथि होंगे। मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक डॉ. टोपलाल वर्मा विशेष रूप से शामिल रहेंगे। गायत्री परिवार की उर्मिला नेताम भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी।

**कैंपस लाइव**

## कलाकारों को प्रोडक्शन आधारित रंगमंच से जोड़ने 15 से कार्यशाला

**रायपुर।** युवा कलाकारों को रंगमंच में हो रहे बदलाव की जानकारी देने के लिए 25 दिवसीय निशुल्क आवासीय प्रोडक्शन आधारित रंगमंच कार्यशाला का आयोजन शहर में होने वाला है। अंचल की लोकगायिका एवं छालीवुड अभिनेत्री गरिमा दिवाकर ने बताया कि इसमें शामिल होने के लिए 40 से ज्यादा प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया है। इनके लिए 15 जनवरी से 8 फरवरी तक कार्यशाला का संचालन किया जाएगा। इस तरह के आयोजन से युवा कलाकारों को नया सीखने को मिले, इसी भावना से यह कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इस तरह के आयोजनों से नए कलाकारों को बेहतर करने की प्रेरणा मिलेगी। इस कार्यशाला का उद्देश्य चयनित प्रतिभागियों को रंगमंच की सम्पूर्ण निर्माण प्रक्रिया से जोड़ना है। इसके अंतर्गत प्रशिक्षण से लेकर अंतिम नाट्य प्रस्तुति तक के क्रम को बताया जाएगा।

### ...ताकि प्रतिबद्ध समूह के साथ काम किया जा सके

अभिनय, स्वर, देह-गतिशीलता, संगीत, समूह अभ्यास, स्क्रिप्ट अध्ययन एवं रिहर्सल पर विशेष रूप से काम किया जाएगा। साथ ही लोक परंपराओं और समकालीन रंगमंच अभ्यासों के समन्वय पर भी ध्यान दिया जाएगा। इससे प्रतिभागियों को एक अनुशासित और प्रक्रिया आधारित रंगमंच का अनुभव प्राप्त होगा। यह कार्यशाला पूर्णतः आवासीय एवं निशुल्क है। इसमें सीमित प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। प्रवेश चयन प्रक्रिया के माध्यम से होगी, ताकि एक प्रतिबद्ध समूह के साथ काम किया जा सके। चयनित प्रतिभागियों को आवास, दिनचर्या एवं अन्य जरूरी जानकारी देते हुए 15 से कार्यशाला शुरू होगी। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली से स्नातक गरिमा के निर्देशन में यह आयोजन होगा।

**सिटी इवेंट**

## कृषि, जैव प्रौद्योगिकी और अनुसंधान के पहलुओं से स्टूडेंट्स हुए अवगत



**रायपुर।** विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा बीएससी एवं एमएससी. जैव प्रौद्योगिकी के विद्यार्थियों के लिए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण के द्वारा विद्यार्थियों को कृषि और जैव प्रौद्योगिकी के व्यावहारिक, अनुसंधान और अनुप्रयोगात्मक पहलुओं से अवगत कराया गया था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने आईजीकेवी स्थित रिचारिया अनुसंधान प्रयोगशाला का अवलोकन किया, जहां उन्हें धान अनुसंधान, जैव विविधता संरक्षण और पारंपरिक एवं उन्नत फसल सुधार तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त, विद्यार्थियों ने जैव-नियंत्रण एजेंट प्रयोगशाला का भी भ्रमण किया। यहां विशेषज्ञों द्वारा सूक्ष्मजीव आधारित कीट नियंत्रण, जैव कीटनाशकों और पर्यावरण-अनुकूल कृषि प्रबंधन तकनीकों पर प्रकाश डाला गया। इस शैक्षणिक भ्रमण का एक प्रमुख आकर्षण आईजीकेवी संग्रहालय रहा, जहां विद्यार्थियों को कृषि विज्ञान के ऐतिहासिक विकास, पारंपरिक कृषि उपकरणों, फसल विविधता एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ। संग्रहालय भ्रमण ने विद्यार्थियों को भारतीय कृषि की समृद्ध विरासत एवं नवाचारों को समझने का अवसर मिला।

**एनआईटी में 21वां स्थापना दिवस, 'श्रुति' संगीत कार्यक्रम में स्टूडेंट्स ने मचाई धूम**

# स्टूडेंट्स के रेट्रो और रॉक डांस-सांग्स की धमाकेदार परफार्मेंस ने मोहा मन

शुक्रवार को एनआईटी में 21वां स्थापना दिवस कार्यक्रम और श्रुति 25 कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह में नृत्यम द डांस क्लब द्वारा धमाकेदार नृत्य की प्रस्तुति ने वातावरण को एनर्जेटिक बना दिया। वहीं रागा द म्यूजिक क्लब टीम ने सदाबहार नए-पुराने नगमों की सुरीली महफिल से कार्यक्रम को सुरमयी बनाया। कार्यक्रम में भक्ति गीत, रेट्रो और रॉक संगीत, 90 के दशक, सैयारा, सुन रहा हैं न तू की मिशअप जैसी विभिन्न संगीत शैलियों की प्रस्तुति दी गई, मैं परेशान, मेरे ढोलना, जाने जान और कायदे से जैसे गीतों ने माहौल को और जीवंत बना दिया।



**रायपुर।** दर्शक इन भावपूर्ण प्रस्तुतियों को देखकर पूरी तरह मंत्रमुग्ध हो गए। इस कार्यक्रम में देश की विविध संगीत परंपरा को दर्शाते हुए विभिन्न शैली के गीत और धुनें प्रस्तुत की गईं, जिससे भारत में "एकता में विविधता" का संदेश और भी सशक्त रूप से सामने आया। एनआईटी के छात्र-छात्राएं देर शाम तक डांस, गीत-संगीत में सराबोर होते रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं सहित संस्थान के फैकल्टी मेंबर्स ने शामिल होकर कार्यक्रम का आनंद उठाया।

### स्टूडेंट्स की प्रतिभा और उत्कृष्टता ने किया प्रभावित

मुख्य अतिथि निदेशक डॉ. एनवी रमना राव, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. मनोज चोपकर, हेड, कॅरियर डेवलपमेंट सेल, डॉ. समीर बाजपाई, संस्थान के सभी विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य, कर्मचारी, पूर्व छात्र, विद्यार्थी और उनके परिजन भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत अतिथियों और विशिष्ट व्यक्तियों का स्वागत एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुई। डॉ. एनवी रमना राव ने संस्थान की प्रतिभा को निखारने और उत्कृष्टता प्राप्त करने की यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने संकाय सदस्यों और छात्रों की तकनीकी उन्नति और वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान में योगदान की सराहना की। संस्थान की गौरवशाली परंपरा का जिक्र करते हुए, उन्होंने सभी से नए विचार अपनाने, कड़ी मेहनत करने और बड़े सपने देखने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि संस्थान तकनीकी कौशल, शोध, सांस्कृतिक गतिविधियों और खेलकूद को बढ़ावा देता है। डॉ. राव ने संकाय सदस्यों और छात्रों के अथक प्रयास और योगदान के लिए अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।

### पूर्व छात्रों को मिले पुरस्कार, खिले चेहरे



इसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। डिस्टिंग्यूश्ड एल्युमिनस अवार्ड केमिकल इंजीनियरिंग, 1990 के पूर्व छात्र प्रो. अनुराग प्रभाकर मैरल को प्रदान किया गया। लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार सिविल इंजीनियरिंग, 1975 के पूर्व छात्र संतोष कुमार अग्रवाल और केमिकल इंजीनियरिंग, 1975 के पूर्व छात्र सुधीर वर्मा को दिया गया।





### केपीएस के विद्यार्थियों ने बिखेरे पारंपरिक कला-संस्कृति के रंग

शुक्रवार को कृष्णा पब्लिक स्कूल तुलसी कचना ब्रांच का वार्षिक उत्सव साइंस मैदान स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक आयोजित किया गया। इसमें नर्सरी से लेकर 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने अपनी कला प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन से पैरेंट्स और टीचर्स को इंप्रेस किया। सुबह पाली में नर्सरी के विद्यार्थियों ने थीम बेस्ड लोकगीत-नृत्य और बॉलीवुड सांग्स पर रॉकिंग परफार्मेंस से अपनी डासिंग, सिगिंग और एक्टिंग कला प्रतिभा से ऑडियंस का चकित किया। वहीं सेकंड पाली में कक्षा 1 से 12वीं तक विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से एनुअल फंक्शन में रंग जमाया। अपनी प्रस्तुतियों में छत्तीसगढ़ी कला संगीत के अलावा पर्यावरण संरक्षण व सोशल अवेयरनेस थीम पर आधारित एक्ट, गीत और नृत्य से पैरेंट्स और टीचर्स का दिल जीता। इस अवसर पर स्कूली बच्चों के साथ-साथ उनके पैरेंट्स और शिक्षक उपस्थित रहे। एनुअल फंक्शन में शिक्षकों, पैरेंट्स ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं की प्रस्तुतियों पर जमकर उत्साहवर्धन किया।

## जीवन की अंतिम अवस्था में संसार व्यर्थ और प्रभु के शरण में जाने का बोध ही ब्रह्म ज्ञान



**रायपुर।** श्रीनगर और गुढ़ियारी मार्ग पर स्थित अवधपुरी मैदान में विश्व कल्याण मिशन ट्रस्ट रायपुर शाखा द्वारा भागवत कथा का अमृतपान कराने के लिए संतश्री चिन्मयानंद बापू ने तीसरे दिन श्रोताओं के बीच कहा कि जब व्यक्ति जीवन की अंतिम अवस्था में होता हैं, तब शरीर शिथिल हो जाता है। जगत व्यर्थ और प्रभु के शरण में जाना ही सत्य नजर आता है, यही ब्रह्म ज्ञान भी है। संतश्री ने व्यासपीठ से कहा कि प्रभु का एक भक्त सपने में देखता है कि वह मुसीबत में है तो प्रभु भी साथ चल रहे हैं। राह में पदचिन्ह बनते जा रहे हैं। कुछ दूर चलने के बाद सिर्फ एक के ही पदचिन्ह नजर आते हैं। वह प्रभु से कहता है, आप मुसीबत के समय साथ नहीं दिए। तब प्रभु कहते हैं, भक्त जो पदचिन्ह तुझे दिखाई दे रहे हैं, वे मेरे हैं, तू तो अचेत था, मैं ही तुझे गोद में उठाकर चल रहा था।

### मातृत्व का भाव देखकर मोक्ष प्रदान किया



प्रभु सत्य हैं और उनकी कथा भी सत्य है। प्रभु की भक्ति निष्काम नहीं होती. अगर प्रभु से कुछ मांगना हो तो स्वयं उन्हें ही मांगें। प्रभु के नाम भले ही अलग-2 हैं, पर वे एक ही हैं। श्रीमद भागवत पुराण में 18 हजार श्लोक हैं। इसमें प्रभु की लीला अपरम्पार है। पूतना स्तन में विष लगाकर आई तो प्रभु ने उसमें मातृत्व का भाव देखकर मोक्ष प्रदान किया। भागवत पुराण हमें सिखाता है कि जुआ, शराब, पराई नारी, मांसाहार और बेईमानी से कमाए गए धन से दूर रहना चाहिए। अपने आहार में शुद्धता रखनी चाहिए।

### व्यवस्था की कमान संभाल रही है टीम

व्यासपीठ से संगीतमय भजनों की अमृतधारा में श्रोता समाज लीन नजर आया। इस बीच भजो मुकुन्द माधव कृष्ण मुरारी.. पर लोग भावविभोर हुए। संगीतमय भजनों में श्रद्धालु झूमते-नाचते रहे। यजमान जितेंद्र अग्रवाल, सारिका अग्रवाल, अमित अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, ओमप्रकाश मिश्रा, मयंक वैद्य, चंद्रचूड़ त्रिपाठी, रोहित मिश्रा,आशीष तिवारी, नितिन कुमार झा इस आयोजन को सफल बनाने के लिए व्यवस्था की कमान संभाल रहे हैं। कथा के बाद हजारों श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी प्राप्त की।

## आर्य समाज का वार्षिक उत्सव शुरू, श्रद्धा अनुशासन और वैदिक चेतना का माहौल





**रायपुर।** आर्य समाज मंदिर सेक्टर-6 में चार दिवसीय वार्षिक उत्सव की शुरुआत वैदिक परंपराओं के अनुरूप सत्संग, ऋग्वेद पारायण महायज्ञ एवं सुमधुर भजनों के साथ हुई। 8 से 11 जनवरी तक चलने वाले इस आयोजन के पहले दिन मंदिर परिसर श्रद्धा, अनुशासन और वैदिक चेतना से ओतप्रोत रहा। कार्यक्रम का प्रारंभ गुरुवार शाम को सियान सदन से किया गया। उत्सव में यज्ञ ब्रह्मा के रूप में आगरा से शहर पहुंचे आचार्य हरिशंकर अग्निहोत्री ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ महायज्ञ संपन्न कराया। अपने प्रवचन में उन्होंने कहा कि यज्ञ केवल कर्मकांड नहीं, बल्कि मानव जीवन को शुद्ध करने, समाज में सद्भाव स्थापित करने और पर्यावरण संरक्षण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने मानवता, सत्य और परोपकार को जीवन का आधार बनाने का संदेश दिया।

### दी सुमधुर भजनों की प्रस्तुति

इस अवसर पर दिल्ली से आए भजन उपदेशक कंचन कुमार ने ईश्वर भक्ति से परिपूर्ण सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। वहीं गुरुकुल आश्रम आमसेना से पधारी वेदपाठी ब्रह्मचारिणियों द्वारा वैदिक मंत्रपाठ किया गया। कार्यक्रम के दौरान धर्माचार्य पं. अंकित शर्मा की भी उपस्थिति रही। आज आयोजित यज्ञ में प्रधान अवनी भूषण पूरंग, उपप्रधान रवि आर्य, मंत्री प्रवीण गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष अरुण ग्रोवर सहित समाजजनों ने आहुति देकर विश्व कल्याण की कामना की। उत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन सुबह महायज्ञ, दिन में सत्संग-प्रवचन तथा सायंकाल भजन एवं वैदिक विचारों का आयोजन किया जा रहा है। उत्सव का समापन रविवार को पूर्णाहुति, प्रवचन, आर्य वीर दल के शक्ति प्रदर्शन एवं ऋषि लंगर के साथ किया जाएगा।

**वीआईपी रोड स्थित ओमाया गार्डन में आर्थोप्लास्टी एसोसिएशन और आर्थोपेडिक सोसायटी की कांफ्रेंस शुरू**

**कार्नर न्यूज**

# कंधे की चोट ही नहीं, फ्रैक्चर का इलाज भी नई तकनीक से समृद्ध, आसान है अंग प्रतिस्थापन

**रायपुर।** कंधे की चोट और फ्रैक्चर का उपचार करने के लिए अब कई विकल्प मिलने लगे हैं। पेशेंट को आराम देने के लिए अब बेहतर तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। पहले की तुलना में फ्रैक्चर की समस्या से शत-प्रतिशत राहत भी मिल रही है। दो दशक पहले सुविधा के अभाव में गंभीर चोट और फ्रैक्चर की समस्या से ग्रस्त व्यक्ति को बर्फ एवं दवाओं के माध्यम से तुरंत राहत मिलती है। स्टेरॉयड इंजेक्शन, फिजियोथैरेपी, स्ट्रेचिंग और मजबूती के लिए व्यायाम, स्लिंग या ब्रेस से स्थिरीकरण और गंभीर मामलों में सर्जरी में प्लेट, स्क्रू या अंगों का प्रतिस्थापन भी आसान हो गया है। इलाज में लगने वाला समय चोट की गंभीरता पर निर्भर करता है। गैर-सर्जिकल तकनीक से लेकर फिजियोथैरेपी और दर्द प्रबंधन पर जोर दिया जाने लगा है।



### आर्थोप्लास्टी पर भी व्याख्यान

शुक्रवार को गार्डन में छत्तीसगढ़ आर्थोप्लास्टी एसोसिएशन एवं आर्थोपेडिक सोसायटी के संयुक्त प्रयास से सिल्वर जुबली कांफ्रेंस के पहले दिन सत्रों का आयोजन किया गया। इसमें देश-विदेश के प्रतिष्ठित डॉक्टर शामिल हुए। इस कार्यशाला में मुख्य रूप से कंधे की चोट एवं फ्रैक्चर जैसे विषयों पर चर्चा की गई। उपचार के विकल्पों के साथ ही फ्रैक्चर फिक्सेशन से लेकर मल्टी-लॉक नेल तथा रिवर्स शोल्डर आर्थोप्लास्टी जैसे विषयों पर व्याख्यान दिए गए। साथ ही हैंड्स-आन वर्कशॉप द्वारा डॉक्टरों को उस विधा के बारे में प्रैक्टिकल ज्ञान भी प्रदान किया गया।




### अतिथि वक्ताओं और प्रोफेसर्स ने की चर्चा

इस कार्यशाला में मुख्य रूप से यूके से आए डॉ. बिजेंद्र सिंह, मुंबई से डॉ. अमित अजगांवकर ने लोगों के बीच अपना अनुभव साझा किया। इसके अलावा डॉ. आलोक, डॉ. संदीप नेमा, डॉ. आदित्य काजा, डॉ. हमीद अजगांवकर और डॉ. रमीज पठान सहित प्रोफेसर्स ने अपने विषय पर व्याख्यान दिया। सिल्वर जुबली कॉनफ्रेंस के आर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉ. अनिल वर्मा एवं आर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. सुशील शर्मा ने बताया कि यह कांफ्रेंस 10 एवं 11 जनवरी तक आयोजित की जाएगी। सिल्वर जुबली कान्फ्रेंस का उद्घाटन समारोह शनिवार को किया जाएगा। साथ ही इसका समापन रविवार को किया जाएगा। इसमें देश-विदेश के 500 से ज्यादा डॉक्टर्स शामिल हो रहे हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### स्कूल क्रिकेट में केपीएस की जीत

**भिलाई।** भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) की अंतरशालेय क्रिकेट प्रतियोगिता शुक्रवार से सी 3 ग्राउंड हॉस्पिटल सेक्टर में शुरु हुई।15 जनवरी तक चलने वाले मुकाबलों में पहले दिन टीम नालंदा विद्यालय विरुद्ध केपीएस नेहरू नगर में केपीएस नेहरू नगर ने एक विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच कुशल साहू रहे। मैच में नालंदा विद्यालय की टीम 166 रन पर आउट हो गई। विशाल साहनी ने 62 रन और राज चौधरी ने 26 रन बनाए। गेंदबाजी में नेहरू नगर के कुशल साहू ने 4 विकेट, आलोक ने तीन विकेट लिए और ओजस ठाकुर ने दो खिलाड़ियों को आउट किया। इसके पूर्व इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रोफेसर प्रमोद शंकर शर्मा ने किया। विशिष्ट अतिथि पी गोपाल राव एवं कल्पना स्वामी थे। मुख्य अतिथि प्रो. शर्मा ने स्कूल के खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दी। भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव भास्कर गोस्वामी ने कहा कि ने स्कूल के खिलाड़ियों के लिए यह एक अच्छा प्लेटफार्म है जिसमें खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा इस अवसर पर एन अभिलाष, वेंकटरमन, समीर शर्मा, विक्रम दुबे, बृजेश पांडे, विजेश, टुमन लाल देवांगन, सुनील डड़सेना और विनोद देवघरे सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अभय मोहरिल ने किया।

### अंडर-19 में बिलासपुर, रायपुर और प्लेट ने जीते अपने-अपने मैच



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) द्वारा आयोजित अंडर-19 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत तीसरे दिन विभिन्न टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए। धमतरी में टीम बिलासपुर विरुद्ध भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) में बिलासपुर ने एक पारी एवं 251 रन से जीत हासिल कर 7 अंक हासिल किए। न्यू ग्राउंड कांकेर में हुए मैच में टीम प्लेट कंबाइंड विरुद्ध दुर्ग के मैच में प्लेट कंबाइंड ने 38 रन से जीत हासिल की और 6 अंक प्राप्त किए। साइंस कॉलेज राजनंदगांव में टीम रायपुर के विरुद्ध रायपुर ब्लू ने एक पारी और 288 रन से जीत हासिल की और 07 अंक प्राप्त किए। दल्ली राजहरा में टीम बिलासपुर ब्लू ने कांकेर के विरुद्ध 358 रन से जीत हासिल की और 6 अंक हासिल किए। बल्लेबाजी में केपीएस नेहरू नगर ने 9 विकेट पर 167 रन बनाए। शिवम ने 40 रन, ओजस में 32 रन और आलोक ने 31 रन बनाएं। गेंदबाजी में नालंदा विद्यालय युवराज और प्रहार तिवारी ने तीन-तीन विकेट लिए। मैच के अंपायर मोहम्मद अलीम एवं सपन काकडे थे। स्कोरर की जवाबदारी पल्लवी वर्मा ने निभाई।

### प्रशिक्षण शिविर में तैयारी राष्ट्रीय खो-खो की, बनेगी छत्तीसगढ़ टीम



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ एमेच्योर खो खो संघ एवं बी एस पी खो खो क्लब के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित राज्य स्तरीय महिला खो खो प्रशिक्षण शिविर का समापन शुक्रवार को हुआ। 3 जनवरी से बी एस पी खो खो क्लब सेक्टर 4 में जारी शिविर में विभिन्न जिलों की 25 सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ियों ने भागीदारी दी। जिनमें से अंतिम 15 चयनित खिलाड़ी काज़ीपेट तेलंगाना में 11 से 15 जनवरी तक आयोजित 57वीं राष्ट्रीय वरिष्ठ खो खो प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। उक्त प्रशिक्षण शिविर में पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी ज़फ़र सिद्दीकी एवं सिकंदर भारती ने प्रशिक्षण दिया। यहां 08 जनवरी को खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने हेतु मुख्य अतिथि आईपीएस भारत भूषण सिंह ठाकुर पूर्व एडिशनल डायरेक्टर जनरल ऑफ़ पुलिस, अति विशिष्ट अतिथि कुंतल बघेल महाप्रबंधक इंस्ट्रूमेंट (भिलाई इस्पात संयंत्र), डॉक्टर सुरेश शर्मा , विशेष अतिथि वंश बहादुर सिंह श्रमिक नेता (भिलाई इस्पात संयंत्र), धरमलाल , प्रदीप कुमार सीनियर सेक्शन इंजीनियर (दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे), डॉक्टर साक्षी श्रीवास्तव फिजियोथैरेपिस्ट और शिखा सिंह युवा कांग्रेस नेत्री विशेष रूप से शामिल हुए और अपना आशीर्वाद खिलाड़ियों को प्रदान किया। यह शिविर बीएसपी खो खो क्लब के अध्यक्ष संजय शर्मा महाप्रबंधक एनवायरमेंट (भिलाई इस्पात संयंत्र) के मार्गदर्शन में रघुनंदन प्रसाद गुप्ता, देवेंद्र सिंह यूनियन लीडर, शेषनाथ सिंह पूर्व असिस्टेंट जनरल मैनेजर, विशाल, फिरोज रहमान (रेलवे), सी एच जगदीश (रेलवे), श्याम सुंदर (रेलवे), सुमित कुमार (रेलवे) , टोमेश ठाकुर (रेलवे) , व्यवस्थापक कुलेश्वर जोशी, अविनाश आचार्य, आर विनोद, नीतीश यादव और एवन कुमार के सहयोग से आयोजित किया गया है। उक्त जानकारी छत्तीसगढ़ एमेच्योर खो खो संघ के पूर्व संयुक्त सचिव सचिन डोंगरे ने दी।

## मजबूत रखें अपना इम्युनिटी सिस्टम

# संक्रामक रोगों से बचाने में विटामिन-सी के अलावा कुछ पोषक तत्व भी जरूरी है आपकी सेहत के लिए

संक्रामक रोगों से शरीर को सुरक्षित रखने के लिए इम्युनिटी सिस्टम का मजबूत रहना बहुत आवश्यक माना जाता है और इम्युनिटी को ठीक रखने के लिए सतत प्रयास की जरूरत होती है। आहार और लाइफस्टाइल पर ध्यान देकर शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूती दी जा सकती है। कई प्रकार की विटामिन्स जैसे विटामिन सी-डी को संक्रामक रोगों से बचाने और प्रतिरोधक क्षमता को उत्तेजित करने में महत्वपूर्ण पाया गया है। कोरोना महामारी के दौरान लोगों ने इसे अपने आहार का हिस्सा भी बनाया। पर क्या आप जानते हैं कि इम्युनिटी सिस्टम को मजबूत रखने के लिए विटामिन सी-डी ही काफी नहीं है। अध्ययनों में पाया गया है कि इसके लिए आपको आहार में विटामिन बी-6 और विटामिन- ई वाली चीजों को भी जरूर शामिल करना चाहिए।



### इम्युनिटी के लिए जरूरी है विटामिन बी-6

पशु और मानव दोनों पर किए गए अध्ययन से पता चलता है कि विटामिन बी-6, शरीर की इम्यून सिस्टम को मजबूत रखने के लिए बहुत आवश्यक हो जाता है। विटामिन बी-6 की कमी प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को कमजोर कर देती है। विटामिन बी-6 (पाइरिडोक्सिन) मस्तिष्क के सामान्य विकास, तंत्रिका तंत्र और प्रतिरक्षा प्रणाली को स्वस्थ रखने के लिए महत्वपूर्ण है। विटामिन बी-6 के खाद्य स्त्रोतों में पोल्ट्री, मछली, आलू, छोले, केले और फोर्टिफाइड अनाज शामिल हैं। इसलिए जरूरी है कि आहार में विटामिन सी-डी के साथ विटामिन बी-6 वाली चीजों को भी जरूर शामिल करें।

### विटामिन ई की आवश्यकता

विटामिन-ई मानव शरीर के लिए एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट के रूप में काम करता है। यह प्रतिरक्षा प्रणाली को संक्रमण से लड़ने में मदद करता है, रक्त वाहिकाओं को चौड़ा करता है। इससे उनमें थक्के बनने से रोकने में मदद मिलती है। आमतौर पर विटामिन-ई को त्वचा और बालों की सेहत से जोड़कर देखा जाता रहा है। शोध में पाया गया है कि इसकी कमी से इम्युनिटी सिस्टम की भी समस्याओं का खतरा हो सकता है।



### एंटीऑक्सीडेंट वाली चीजों से मिलता है लाभ

नैदानिक परीक्षणों में पाया गया है कि एंटीऑक्सीडेंट वाली चीजों का सेवन या फिर डॉक्टर्स की सलाह पर एंटीऑक्सीडेंट सप्लीमेंट्स की मदद से प्रतिरक्षा प्रतिक्रियाओं में काफी सुधार किया जा सकता है। विशेष रूप से विटामिन सी, ई, और ए या बीटा-कैरोटीन के पूरकों को आहार में शामिल करने से आपको इम्युनिटी को मजबूत बनाने में विशेष लाभ मिल सकता है। शरीर में ट्यूमर के विकास को रोकने, कैंसर और कई प्रकार की क्रोनिक बीमारियों से बचाने में भी एंटीऑक्सीडेंट वाली चीजों का सेवन लाभकारी हो सकता है।



### आहार में किन चीजों को करें शामिल

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, इम्युनिटी सिस्टम को मजबूती देने के लिए जरूरी है कि आप अपने आहार पर खास ध्यान दें। प्लांट बेस्ड डाइट का सेवन करके आप कई प्रकार के आवश्यक विटामिन्स-एंटीऑक्सीडेंट्स की आसानी से पूर्ति कर सकते हैं। आहार में मौसमी हरी सब्जियों-फलों के साथ नट्स-सीड्स को शामिल करके शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है। शारीरिक-मानसिक दोनों प्रकार की सेहत को ठीक रखने के लिए स्वस्थ आहार का सेवन आवश्यक है।

# आपको भी सपने में दिखती है मछली तो जानें इसका मतलब



कभी-कभी इस सपने का दिखाई देना एक सामान्य घटना हो सकती है, लेकिन अगर आप बार-बार एक जैसा सपना देखती हैं तो आपको इस बात के बारे में सोचने की जरूरत होती है। आमतौर पर इस सपने का मतलब आपके लिए शुभ ही रहेगा, लेकिन मछली से जुड़े कुछ सपने आपके लिए प्रतिकूल संकेत भी दे सकते हैं। ज्योतिषाचार्य डॉ आरती दहिया ने ऐसे सपने से मिलने वाले संकेतों के बारे में बताया।

यदि आप सपने में कोई भी पालतू मछली देखती हैं तो यह आपके लिए किसी जिम्मेदारी का संकेत देता है। इस सपने का मतलब है कि आपको भविष्य में कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है जो आप बखूबी निभाएंगे। खासतौर पर अगर आप गोल्ड फिश का सपना देखती हैं तो ये इस बात का प्रतीक हो सकती है कि आप किसी जिम्मेदारी को ठीक से नहीं निभा रहे हैं और आपको उसे समझने की जरूरत है।

अगर आपको सपने में मछली का जोड़ा दिखाई दे रहा है तो समझें कि आपका प्रेम और वैवाहिक जीवन शुभ रहने वाला है। यदि आपके और जीवनसाथी के बीच किसी बात पर मनमुटाव चला आ रहा है तो आपको इससे बाहर आने में मदद मिलेगी और आपसी प्रेम बढ़ेगा। मुख्य रूप से गोल्ड फिश को प्रेम का प्रतीक माना जाता है और ऐसा सपना आपके जीवन में सामंजस्य लाने में मदद कर सकता है।

अगर आप सपने में किसी समुद्र में बहुत सारी मछलियां देख रही हैं तो ये सपना इस बात का प्रतीक हो सकता है कि आप किसी काम को बार-बार करने के बाद भी असफल हो रहे हैं, लेकिन आपको जल्द ही इसमें सफलता मिल सकती है।

यह आपके रिश्ते से जुड़ा कोई निर्णय हो सकता हो या फिर नौकरी से जुड़ी कोई बात भी हो सकती है। ऐसा सपना देखने का मतलब है कि आपको जल्द ही किसी निर्णय तक पहुंचने में मदद मिलेगी। आप खुद से सवाल करें कि आप अपने जीवन से क्या चाहते हैं और आपको भविष्य में क्या करने की जरूरत है।

सपने में मछली का टैंक देखने का मतलब यह हो सकता है कि आप किसी स्थिति में खुद को विवश महसूस कर रहे हैं। आपके व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन दोनों में विकास के लिए जगह होना महत्वपूर्ण है।

यदि आपने टैंक में मछली का सपना देखा है, तो आप अपने परिवेश में खुद को फंसा हुआ महसूस कर रहे हैं। दरअसल यह इस बात का संकेत हो सकता है कि आप किसी ऐसे बंधन में हैं जहां से बाहर निकल पाना आपके लिए मुश्किल है।

# मकर संक्रांति के लिए पहले से तैयार करके रखें गुड़ की गजक



अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार मकर संक्रांति साल का पहला पर्व होता है। इसे भारत के अलग-अलग राज्यों में विभिन्न नामों से जाना जाता है। इस त्योहार को गुजरात में उत्तरायण, पूर्वी उत्तर प्रदेश में खिचड़ी और दक्षिण भारत में पोंगल के रूप में मनाया जाता है। मकर संक्रांति के दिन दान-दक्षिणा का काफी महत्व होता है। इस दिन ज्यादातर लोग तिल-गुड़ दान करते हैं। इसके साथ ही इस दिन गुड़ से बनी गजक खाने का भी महत्व होता है। अगर आपके घर भी गजक खाने का रिवाज है तो हम आपको घर पर ही गुड़ की गजक बनाने का आसान तरीका बताने जा रहे हैं।

गुड़ की गजक घर पर बनाना बेहद आसान है। ऐसे में आप सबसे पहले तिल को सुनहरा होने तक भून लें। इसको भूनते वक्त ध्यान रखें कि तिल को जलाना नहीं हैं। इसके बाद अब एक पैन में घी गरम करें। अब गरम तेल में गुड़ को मिलाएं और इसे हल्का सा पकाएं। जब गुड़ पिघलने लगे और बुलबुले आने लगें, उसमें भूने हुए तिल मिलाएं। अब इस मिश्रण को धीरे से अच्छे से मिलाएं ताकि तिल गुड़ में अच्छे से लिपट जाए। इस मिश्रण को ग्रीस्ड प्लेट या थाली पर बेलन की मदद से पतली रोटी की तरह बेल लें। इसे ठंडा होने दें और फिर इसे छोटे छोटे टुकड़ों में काट लें। बस आपकी गजक तैयार है। इसे आप स्टोर करके कई दिनों तक रख सकते हैं।



# सर्दियों में करते हैं वर्कआउट तो ध्यान में रखें ये जरूरी टिप्स

इन दिनों सर्दियां हमारी दैनिक दिनचर्या को प्रभावित कर रही हैं। कुछ लोगों को अत्यधिक अकड़न वाली मांसपेशियों और अंतहीन दर्द का अहसास भी हो रहा है। हालांकि गर्मियों और सर्दियों में वर्कआउट करने के बीच बहुत अधिक बदलाव नहीं होता है, फिर भी इंजरी से बचने के लिए कुछ चीजों पर ध्यान देने की जरूरत है। यहां 4 बातें बताई गई हैं, जिन पर आपको सर्दियों के दौरान वर्कआउट करते समय ध्यान देने की जरूरत है:

### वर्कआउट से पहले गंभीरता से वार्म-अप करें

ऐसा नहीं है कि आप यह पहले से नहीं जानते थे, लेकिन हर कोई गंभीरता से वार्म-अप नहीं करता। जबकि गर्मियों में शरीर पहले से ही गर्म होता है, लेकिन सर्दियों में ऐसा नहीं होता। एक डायनेमिक वार्म-अप यहां एक बढ़िया टूल है। कुछ बॉडी वेट एक्सरसाइज चुनें और 3-5 मिनट का एक छोटा सा सर्किट करें। यदि आपके जिम में रोइंग मशीन है, तो और भी अच्छा! आगे बढ़ें और पूरे जोर से 1-2 मिनट के लिए इसे करें और पसीना पोंछना।

### डायनेमिक वार्म-अप करें, स्टेटिक वार्म अप से परेशान ना हों

डायनेमिक वार्म-अप में कुछ मिनटों के लिए तेजी से आगे




बढ़ना शामिल है और स्टेटिक स्ट्रेचिंग एक जगह पर खड़े होकर स्ट्रेचिंग करने के अलावा और कुछ नहीं है। अब, यहीं पर लोगों को यह सब गलत लगता है। वर्कआउट के बाद स्टेटिक वार्म-अप करना चाहिए क्योंकि शरीर पहले से ही गर्म होता है और मांसपेशियों के ऊतकों में अधिक लचीलापन होता है। वर्कआउट शुरू करने से ठीक पहले एक गतिशील वर्कआउट किया जाना चाहिए, सिर्फ इसलिए क्योंकि यह आपको गर्म करता है और आपको तैयार करता है। उचित डायनेमिक वार्म-अप किए बिना स्टैटिक स्ट्रेचिंग करने से इंजरी हो सकती है।


### पानी पिएं

स्पष्ट कारणों से, सर्दियों के दौरान हाइड्रेशन में भारी गिरावट आती है। हमें प्यास ही नहीं लगती। इसका मतलब यह नहीं है कि सभी मामलों में हमें अधिक पानी की आवश्यकता नहीं है। सर्दियों के दौरान एक बार कठिन वर्कआउट करने के बाद, आपको एहसास होगा कि आप वास्तव में कितने डी-हाइड्रेटेड हैं। आप दिन भर में कितना पानी पी रहे हैं, इसकी कड़ी निगरानी रखें।

### वर्कआउट के बाद मांसपेशियों में होने वाले दर्द से निपटें

सर्दी के मौसम में दोगुना दर्द हो सकता है। कई रीसर्च में करक्यूमिन (हल्दी में पाया जाना वाला तत्व) को देर से शुरू होने वाले मांसपेशियों के दर्द से राहत दिलाने में मददगार पाया गया है। यह एक बहुत शक्तिशाली एंटी-इंफ्लेमेटरी एजेंट भी है। आप सिट्रीलाइन मालेट को भी देख सकते हैं, जो हाल ही में दर्द के लिए मददगार होने के कारण सुर्खियों में आया है।

















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## क्रिस से तलाक के बाद पाल्ट्रो को हुआ था बड़ा नुकसान



हॉलीवुड एक्ट्रेस ग्वेनेथ पाल्ट्रो ने हाल ही में अपनी निजी जिंदगी और पेशेवर जिंदगी को लेकर कई खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया है कि एक्टर क्रिस मार्टिन से तलाक के कुछ समय बाद ही उन्हें एक फिल्म से निकाल दिया गया था। अभिनेत्री ने बताया कि तलाक के कुछ ही समय बाद जब उन्होंने फिल्म में अपना रोल खोया, तो ये मामला सुर्खियों में आया। उस समय के बारे में बात करते हुए ग्वेनेथ पाल्ट्रो ने कहा कि प्रेस में उनकी निजी जिंदगी के बारे में बहुत बातें हो रही थीं। उन्होंने बताया कि इसी वजह से फिल्म से जुड़े लोगों ने उन्हें प्रोजेक्ट से हटाने का फैसला किया। उनके मुताबिक, उन्हें लगा कि उनके तलाक की वजह से बनी स्थिति ने फिल्म के लिए चीजें मुश्किल कर दी हैं। उन्होंने आगे कहा 'यह बहुत अच्छा था, मेरा तलाक हो रहा था और फिर मुझे नौकरी से निकाल दिया गया।' आपको बता दें कि ग्वेनेथ पाल्ट्रो और क्रिस मार्टिन ने 2014 में एक पोस्ट के जरिए अपने अलग होने की घोषणा की थी। उनके अलगाव पर काफी चर्चा हुई थी। ग्वेनेथ पाल्ट्रो ने कहा कि अब उन्हें समझ में आता है कि लोगों ने उनके तलाक की खबर पर इतनी प्रतिक्रिया क्यों दी थी। उन्होंने बताया कि बहुत से लोग ऐसी कहानियों को अपने दर्दनाक अनुभवों से जोड़ते हैं। काम की बात करें तो ग्वेनेथ पाल्ट्रो अपनी फिल्म 'मार्टी सुप्रीम' का प्रमोशन कर रही हैं। उनकी इस फिल्म का निर्माण ए24 ने किया है। फिल्म में उनके साथ टिमोथी चालमेट, ओडेसा एजियन और केविन ओलीरी।

### टॉलीवुड

## शोभिता की 'चीकाटिलो' का पोस्टर हुआ जारी, सच्ची घटना पर आधारित है फिल्म



'द नाइट मैनेजर' जैसी वेब सीरीज में नजर आईं अभिनेत्री शोभिता धुलिपाला अब एक नई फिल्म लेकर आ रही हैं। यह एक सस्पेंस-क्राइम थ्रिलर फिल्म है। फिल्म का नाम 'चीकाटिलो' है। फिल्म की घोषणा के साथ ही इसका पहला पोस्टर भी जारी हुआ है, जिसमें शोभिता इंटेंस लुक में नजर आ रही हैं।'चीकाटिलो' प्राइम वीडियो की ओरिजिनल तेलुगु भाषा की फिल्म है। हालांकि, यह हिंदी में भी रिलीज होगी। हैदराबाद की पृष्ठभूमि पर बनी 'चीकाटीलो' एक रोमांचक क्राइम-सस्पेंस फिल्म है। कहानी संध्या नाम की लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक ट्रू-क्राइम पॉडकास्टर है। इस किरदार को शोभिता धुलिपाला ने निभाया है। अपने इंटर्न की रहस्यमयी मौत के बाद न्याय पाने की अपनी लगातार कोशिश में संध्या को खौफनाक अपराधों की एक चौंकाने वाली कड़ी का पता चलता है। जिसके बाद उसके सामने शहर के कुछ सबसे खौफनाक और काले राज सामने आते हैं। फिल्म 23 जनवरी को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। शरण कोपिशेट्टी द्वारा निर्देशित 'चीकाटिलो' को डी. सुरेश बाबू ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म की कहानी चंद्र पेम्माराजू और शरण कोपिशेट्टी ने लिखी है। फिल्म में शोभिता धुलि पाला और विश्वदेव राचकोंडा मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा चैतन्य विशालक्ष्मी, ईशा चावला, झांसी, आमानी और वडलामणि श्रीनिवास भी अहम किरदारों में नजर आएंगे।

### भोजपुरी

## 'पति का प्यार, सास का दुलार' में देखिए गौरव और स्मृति की शानदार अदाकारी



'पति का प्यार, सास का दुलार' फिल्म इसी महीने रिलीज होने वाली है। इस भोजपुरी फिल्म में गौरव झा और स्मृति सिन्हा जैसे सितारे हैं। फिल्म में पारिवारिक मूल्यों, रिश्तों और भावनाओं को गहराई से दिखाया गया है। फिल्म 16 जनवरी को रिलीज होने जा रही है। यह फिल्म पारिवारिक मूल्यों, रिश्तों की गर्माहट और भावनाओं की गहराई को बड़े परदे पर प्रभावशाली ढंग से पेश करती है। फिल्म का टाइटल ही दर्शकों को परिवार और संस्कार से जुड़े एक इमोशनल सफर का संकेत देता है। फिल्म में मुख्य भूमिका में गौरव झा और स्मृति सिन्हा नजर आएंगे, जिनकी जोड़ी पहले से ही दर्शकों के बीच काफी फेमस है। दोनों कलाकारों की केमिस्ट्री इस फिल्म की खास ताकत मानी जा रही है। फिल्म में पति-पत्नी और सास-बहू के रिश्तों को संवेदनशीलता और संतुलन के साथ दिखाया गया है, जो हर वर्ग के दर्शकों से जुड़ने की क्षमता रखता है। विश्वा मूर्ति फिल्म्स व पिकासो प्रोडक्शन प्रस्तुत फिल्म 'पति का प्यार, सास का दुलार' के निर्माता संजय पाण्डेय व देवेंद्र बंसल हैं, जबकि निर्देशक संजय श्रीवास्तव हैं। संजय पाण्डेय ने फिल्म को लेकर कहा कि 'पति का प्यार, सास का दुलार' एक ऐसी पारिवारिक फिल्म है, जो आज के दौर में रिश्तों की अहमियत और पारिवारिक मूल्यों को सशक्त रूप से सामने रखती है। उन्होंने कहा कि यह फिल्म हर वर्ग के दर्शकों से जुड़ने वाली है, क्योंकि इसकी कहानी घर-परिवार, संस्कार और भावनाओं के इर्द-गिर्द बुनी गई है। संजय पाण्डेय के अनुसार, फिल्म में मनोरंजन के साथ-साथ समाज को सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया गया है, जिससे दर्शक न केवल फिल्म का आनंद लेंगे बल्कि इससे कुछ सीख भी लेकर जाएंगे।

### लाइफ स्टाइल



नई शुरूआत

न्यूयॉर्क फैशन वीक लंबे समय से फैशन का सबसे अप्रत्याशित स्टेज रहा है। एक ऐसा स्टेज जो अमेरिकन स्टाइल के डीएनए पर टिका रहते हुए भी खुद को नए सिरे से पेश करता रहता है। यह सीज़न भी इसका अपवाद नहीं था। डिज़ाइनरों ने अपनी पर्सनल कहानियों, शहरी कहानियों और ग्लोबल चीज़ों से प्रेरणा लेकर ऐसे कलेक्शन पेश किए जो सिनेमाई और पर्सनल, एक्सपेरिमेंटल और आसानी से पहनने लायक थे।

## सर्दियों में शहद के नेचुरल फेस पैक से बढ़ा सकते हैं चेहरे की रंगत



अगर आप भी घर पर ही सर्दी के मौसम में नेचुरल तरीके से चेहरे की रंगत को सुधारना चाहते हैं, तो शहद से बने फेस पैक इसमें आपकी मदद कर सकते हैं। शहद और दही दोनों में ही कुछ ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जिसे लगाने से चेहरे पर निखार आता है। ऐसे में आप स्किन का ग्लो बरकरार रखने के लिए शहद और दही से बने फेस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आपको बस एक कटोरी में दही लेकर उसमें शहद मिक्स करना है। इसके बाद इस पैक को अच्छे से अपने चेहरे पर लगाएं और कुछ देर के बाद ठंडे पानी से चेहरा धो लें। आप इसका इस्तेमाल हफ्ते में दो से तीन बार कर सकते हैं।

नींबू त्वचा की डेड स्किन को हटाने में मददगार होता है। ऐसे में आप एक कटोरी में शहद लेकर उसमें आधा नींबू का रस डालकर अच्छे से मिलाएं। इसके बाद इस मास्क को अच्छे से चेहरे और गर्दन पर लगाएं। इससे आपकी स्किन मुलायम बनी रहेगी।

दूध में मौजूद तत्व चेहरे को एक्सफोलिएट करने का काम करते हैं। ऐसे में कच्चे दूध में दो चम्मच शहद लेकर उसे चेहरे पर लगाएं। इस पैक का इस्तेमाल आप हर दूसरे दिन कर सकते हैं। आपको जानकारी में होना चाहिए कि शहद से कई प्राकृतिक फेस पैक बनाए जा सकते हैं, जैसे शहद-नींबू ( दाग-धब्बे और चमक के लिए) , शहद-एलोवेरा ( नमी और ठंडक के लिए), शहद-दूध (मुलायम त्वचा के लिए) और शहद-अंडा (एंटी-एजिंग के लिए), जो त्वचा को हाइड्रेट, मुलायम और चमकदार बनाने में मदद करते हैं, साथ ही मुंहासे व दाग-धब्बों से भी लड़ते हैं। इन पैक्स को लगाने के बाद धूप से बचना चाहिए और गुनगुने पानी से धोना चाहिए। शहद और नींबू फेस पैक (चमक और मुंहासों के लिए) है। इसे बनाने का तरीका में 1 चम्मच शहद में 1 चम्मच नींबू का रस मिलाएं। इससे फायदे में मुंहासे, दाग-धब्बे कम करता है, त्वचा को चमकदार बनाता है।

## लोहड़ी पर दिखाना है पारंपरिक अंदाज अपनाएं ऐसा आउटफिट



वैसे तो लोहड़ी का त्योहार पूरे देश में बेहद धूमधाम से मनाया जाता है, लेकिन खासतौर पर पंजाब और उत्तर भारत में लोहड़ी के त्योहार की काफी धूम दिखाई देती है। लोग इसकी तैयारियां काफी दिनों पहले से शुरू कर देते हैं। इस साल लोहड़ी 13 जनवरी को मनाई जाएगी। लोहड़ी के त्योहार पर लोग नए-नए कपड़े पहनकर तैयार होते हैं। इस दिन पारंपरिक तरीकों से तैयार होने का काफी रिवाज है। महिलाओं से लेकर पुरुष तक लोहड़ी के दिन काफी अच्छी तरह तैयार होते हैं। अगर आप भी इस लोहड़ी के त्योहार पर पारंपरिक रूप से तैयार होना चाहते हैं, तो बॉलीवुड के कुछ अभिनेताओं से टिप्स ले सकते हैं। इन अभिनेताओं से टिप्स लेकर आपका अंदाज भी काफी स्टाइलिश दिखेगा।





### पीला रंग

पीला रंग तो वैसे भी बेहद शुभ होता है। ऐसे में आप लोहड़ी के त्योहार पर कार्तिक आर्यन की तरह पीले रंग का सिल्क का कुर्ता और पायजामा पहन सकते हैं।

### धोती-कुर्ता

लोहड़ी के त्योहार में ऐसी धोती और कुर्ता आपको स्टाइलिश लुक देने में मदद करेगा। वरुण धवन की तरह की आप अपने लुक को अच्छा बना सकते हैं।


### क्लासी अंदाज

अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा अपने लुक्स से अक्सर लड़कियों को इंप्रेस करते रहते हैं। ऐसे में आप उनसे प्रेरणा लेकर लोहड़ी के लिए तैयार हो सकते हैं। इससे आपका अंदाज क्लासी दिखेगा।

### वर्क वाला कुर्ता

शाहिद कपूर की तरह वर्क वाला कुर्ता आप लोहड़ी पर पहन सकते हैं। इसके साथ आप चाहें तो दुपट्टा कैरी कर सकते हैं।

## घटता जा रहा बालों का घनापन तो इन तरीकों को अपनाएं



सर्दी के मौसम में अक्सर बालों का घनापन कम होने लगता है। ये समस्या आमतौर पर सामने आती है। ऐसे में बालों की सफाई का खास ध्यान रखें। इस मौसम में बाल काफी ग्रीसी हो जाते हैं। ऐसे में बालों का वॉल्यूम खत्म होने लगता है। इसी के चलते बाल को हर दूसरे से तीसरे दिन धोएं जरूर। तभी जाकर आपके बाल सही लगेंगे। अगर आप चाहते हैं कि आपके सिर से सही तरह से शैंपू और कंडीशनर निकल जाए तो हमेशा रूम टेम्प्रेचर पर रखे पानी का ही इस्तेमाल करें। यही सिर से शैंपू और कंडीशनर को सही से निकालने में मदद करता है। अगर आप सर्दी के मौसम में बालों को लंबा रखेंगे तो इससे भी आपके बाल खूबसूरत दिखेंगे। इससे बालों में अच्छा वॉल्यूम भी आता है।बालों में वॉल्यूम लाने के लिए थिक शैंपू काफी फायदेमंद साबित होते हैं। ऐसे में बालों के हिसाब से ही शैंपू का चुनाव करें। सर्दी के मौसम में गुनगुने तेल से सिर की मसाज जरूर करनी चाहिए। इसके लिए आप कोकोनट ऑयल से लेकर, ओलिव ऑयल, आलमंड ऑयल और केस्टर ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं।

## सर्दियों में इन जैकेटों को भी अपनाएं, कलेक्शन देखकर लोग करेंगे तारीफ

लगातार बढ़ती ठंड से हर कोई परेशान है। सर्दी के मौसम में लोग तमाम तरह के हैवी-हैवी कपड़े पहनकर घूमते हैं, ताकि उनकी मदद से उन्हें सर्दी कम लगे। जिस तरह से गर्मी के मौसम में लोग तरह-तरह के कपड़े पहनकर स्टाइल दिखाते हैं, ठीक उसी तरह से सर्दियों में भी स्टाइल दिखाना बेहद जरूरी हो जाता है। खासतौर पर अगर बात की जाए जैकेटों की तो ज्यादातर लोगों को ये पता ही नहीं होता है कि जैकेट कितने तरह की होती हैं। आपको कुछ ऐसे ही जैकेटों के बारे में जानना चाहिए, जिनको कैरी करके आप सर्दी के मौसम में भी स्टाइल दिखा सकते हैं। जिन जैकेटों के बारे में हम आपको बताने जा रहे हैं, वो लड़कों और लड़कियों दोनों के लिए परफेक्ट हैं। इस तरह की जैकेट हर किसी के पास होनी ही चाहिए।



### बॉम्बर जैकेट

अगर आपको डैपर लुक पसंद है तो इस तरह की बॉम्बर जैकेट आपके लिए एक बेहतर विकल्प है। इस तरह की जैकेट टीशर्ट के साथ काफी ज्यादा क्लासी दिखती है। अगर आप इस जैकेट के साथ कूल दिखना चाहते हैं तो कैप पहन सकते हैं।

### ट्रकर जैकेट

इसे डेनिम जैकेट भी कहते हैं। हर लड़के और लड़की के पास ट्रकर जैकेट होना बेहद जरूरी होता है। इसे हर तरह की टीशर्ट के साथ कैरी किया जा सकता है। ऐसे में आप इस तरह की जैकेट को अपने कलेक्शन में शामिल कर सकते हैं।

**कार्नर न्यूज**

**आपको लगता है कि लोग देखते नहीं, मगर आप गलत हैं**

## ग्रूमिंग के दौरान आपकी गलतियां दूसरों को करती हैं परेशान, बेफिक्र न रहें और रखें पूरा ध्यान

'अरे छोड़ो इस पर कौन ध्यान देगा' ग्रूमिंग पर खूब सारा ध्यान देने वाले आप अक्सर यही कहकर बड़ी गलतियां कर देते हैं और आपको अंदाजा भी नहीं होता है कि लोग आपकी इन गलतियों पर पूरा ध्यान दे रहे हैं। ग्रूमिंग बेस्ट लुक का जरूरी हिस्सा है। इसलिए आपको थोड़ा एक्टिव तो होना पड़ेगा। इसके बिना मामला सेट नहीं हो पाएगा। इसके लिए छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर खुद को वेल ग्रूम्ड वाली श्रेणी में लाया जा सकता है। आपको अलग से कुछ नहीं करना है।

### ग्रूमिंग की गलतियों पर पड़ती है लोगों की नजर

ग्रूमिंग आपके लुक को पूरा करती है। आप भी इसके बिना खुद को अधूरा पाते होंगे। लेकिन कुछ बातें ऐसी होती हैं, जिन पर आप खुद ध्यान ये सोचकर नहीं देते कि कौन इस पर ध्यान देगा। कौन सी हैं ये ग्रूमिंग की गलतियां जान लीजिए-

कान, नाक और आइब्रो के बाल

एक उम्र के बाद शरीर के कई हिस्से ऐसे होते हैं, जिनमें से बाल दिखने लगते हैं लेकिन अफ़सोस आप



उनको ट्रिम करने की सोचते ही नहीं है। आपको लगता है इनको कौन ही देखेगा। लेकिन लोग देखते हैं। लोग देखते हैं कि आपने महंगे कपड़े पहने, हेयर केयर सलीके से किया लेकिन नाक, कान और आईब्रो के बालों को यों ही छोड़ दिया। ये काम कठिन नहीं है बल्कि इसे आप खुद भी कर सकते हैं। या फिर इसे शेविंग के समय सैलून में भी किया जा सकता है। ध्यान दीजिए और कर लीजिए।

### गंदे नाखून साफ नहीं किए

आपके नाखून की सफाई भी जरूरी होती है। कई बार लोग पूरे शरीर की सफाई करते हैं लेकिन नाखूनों को भूल जाते हैं। लेकिन ये सही नहीं है। लोगों को आपके हाइजीन का अंदाजा नाखून देकर ही लग जाता है इसलिए ये काम शुरू कर दीजिए। समय-समय पर पैर और हाथ के नेल्स काटते रहिए। अगर तब भी ये अच्छे न लगें तो आप पैडीक्योर और मैडीक्योर करा सकते हैं।

### ओरल हाइजीन भी रखिए ध्यान

ब्रश करके आप अपने ओरल हाइजीन को भूल जाते हैं तो गलत करते हैं। दरअसल सिर्फ ब्रश करने से दांत और मुंह की सफाई नहीं हो पाती है। बल्कि आपको ब्रश के साथ फ्लोसिंग भी करनी होगी और माउथ फ्रेशनर गार्गल भी करना होगा। अगर ये सब नहीं करेंगे तो दो बार ब्रश करने के बाद भी मुंह से बदबू आएगी और आपके लुक पर फिर कोई ध्यान नहीं देगा।

### बियर्ड की ट्रिमिंग

बियर्ड लुक को लेकर आजकल खूब क्रेज है। लोग विराट कोहली और विक्की कौशल की तरह बियर्ड लुक अपना लेना चाहते हैं। लेकिन वो ये भूल जाते हैं कि ये सेलेब्रिटी भी अपने बियर्ड लुक को मेनटेन करते हैं। वो अपनी दाढ़ी ट्रिम कराते रहते हैं ताकि ये बेतरतीब न लगे। आप ऐसा कितनी बार करते हैं या कराते भी हैं या नहीं। अगर नहीं कराते हैं तो बियर्ड लुक नहीं मिलेगा लेकिन लुक बिगड़ जरूर जाएगा। इसलिए समय-समय पर दाढ़ी को ट्रिम जरूर कराते रहें।

### नेचुरल बियर्ड लाइन

बियर्ड की एक नेचुरल बियर्ड लाइन होती है। इस लाइन से ही बियर्ड को डेट किया जाता है।

